उज्जैन
रविवार
18
अक्टूबर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-345
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ हेड कॉन्स्टेबल के करीबी इंस्पेक्टर पटेल भोपाल मुख्यालय अटैच

7 ▸ बारिश से भारत-वेस्टइंडीज पांचवां टी-20 रद्द, सीरीज 2-2 से बराबर



कितनी शादियां और हनीमून हो चुके, अब जलन नहीं होती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

टीवी और फिल्मों में शब्बीर अहलूवालिया अपनी रोमांटिक, माचो और रॉकस्टार इमेज के लिए मशहूर हैं। उनकी पत्नी कांची कौल खूबसूरती और बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। दोनों करीब 18 साल से साथ हैं और अब कलर्स के शो धमाल विद पति, पत्नी और पंगा सीजन 2 में कंटेस्टेंट हैं। शो में दर्शकों को उनकी नोकझोंक, मस्ती और साथ बिताए पलों की झलक मिलेगी। शब्बीर और कांची ने कहा कि वे आइडल कपल कहलाने के बजाय अपनी असली केमिस्ट्री दिखाना चाहते हैं। उन्होंने एक-दूसरे की खूबियों, पहली मुलाकात, रोमांस के अंदाज और शो से जुड़े मजेदार किस्सों पर भी बात की। असल जिंदगी में भी शब्बीर वैसे ही हैं। मेरे लिए वे हमेशा एवरग्रीन रॉकस्टार रहेंगे। बाहर से जितने माचो दिखते हैं, अंदर से उतने ही सॉफ्ट और भावुक हैं। उनका दिल बहुत मुलायम है। भावनाएं जाहिर करने का उनका तरीका अलग है, लेकिन वे बहुत इमोशनल हैं। वे जिंदगी भी रॉकस्टार की तरह जीते हैं।

देश

- **जंतर-मंतर** हिंसा की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की समिति ने खोला पोर्टल, गोपनीय शिकायत और साक्ष्य अपलोड करने की सुविधा
- **केदारनाथ** में बर्फबारी, तापमान माइनस में पहुंचा, राजस्थान-महाराष्ट्र समेत 8 राज्यों में बारिश का अलर्ट, यूपी में खेतों में बाढ़, कमर तक पानी
- **मणिपुर** में कुकी-नगा समुदायों के बीच गोलीबारी, 1 की मौत, 4 घायल, म्यांमार के उग्रवादियों पर हमले का आरोप, 8 महीने में 50 से ज्यादा मौतें
- **डांडिया इवेंट** में लाइटिंग लगा आर्च गिरा, 2 की मौत, हैदराबाद के इंजीनियरिंग कॉलेज में हादसा, 14 स्टूडेंट घायल
- **कोटा** में नहीं थम रहा मौतों का सिलसिला, डिलीवरी के बाद एक और प्रसूता की मौत, 24 घंटे में दो महिलाओं ने तोड़ा दम

विदेश

- फ्रांस में महंगाई के खिलाफ 8 लाख लोग सड़कों पर, राष्ट्रपति भवन से 400 मीटर दूर हिंसक प्रदर्शन, कई शहरों में आगजनी-लूटपाट
- **अमेरिका** ने मदद रोकी तो यूक्रेन का क्या होगा, जेलेंस्की का साथ छोड़ पुतिन के साथ दिख रहे ट्रम्प 1 सप्ताह में 4 झटके
- **बांग्लादेश** में पिस्तौल लेकर ड्रग्स तस्करों को पकड़ने पहुंचे मंत्री, 6 लोगों को पकड़ा, पुलिस बोली- उन्हें ऐसा करने का अधिकार नहीं
- **फुटबॉल** मैच के दौरान मैदान पर घुसी कार, 6 साल के बच्चे समेत 2 की मौत, कई घायल

व्यापार

- सऊदी अरब की उड़ानें 24 अक्टूबर तक रद्द, इंडिगो के बाद एआर इंडिया ने भी फ्लाइट्स कैंसिल कीं
- **एचडीएफसी** बैंक का मुनाफा 4.7% बढ़कर 19,510 करोड़, दूसरी तिमाही में नेट इंटरेस्ट इनकम 9.7% बढ़ी

कार्टून..



2018 के बीजेपी आईटी सेल पार्ट-दो वीडियो से जुड़ा है मामला, समन उनके गुरुग्राम स्थित आवास पर चस्पा

लंदन चले गए ध्रुव राठी, मानहानि मामले में अदालत में पेश नहीं हुए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

यूट्यूबर ध्रुव राठी से जुड़े वर्ष 2018 के आपराधिक मानहानि मामले में शनिवार को दिल्ली की साकेत कोर्ट में सुनवाई हुई। राठी की ओर से पेश अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि वह लंदन चले गए हैं, इसलिए व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित नहीं हो सकते। मामले में अब आगे की कार्रवाई अदालत के आगामी आदेश के अनुसार होगी।

यह मामला मई 2018 में ध्रुव राठी के यूट्यूब चैनल पर अपलोड किए गए बीजेपी आईटी सेल पार्ट-दो वीडियो से जुड़ा है। शिकायतकर्ता विकास सांकृत्यायन उर्फ विकास पांडे का आरोप है कि वीडियो में उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाए गए, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा।

मामले में साकेत कोर्ट के न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल जैन ने 12 अक्टूबर को शिकायतकर्ता की अर्जी पर सुनवाई के बाद नए सिरे से समन जारी करने का आदेश दिया था। अदालत को बताया गया था कि राठी सामान्य तौर पर ऑस्ट्रिया में रहते हैं और उस समय भारत में मौजूद हैं। इसके बाद शिकायतकर्ता को प्रक्रिया सर्वर के साथ जाकर समन तामील कराने की अनुमति दी गई थी। शिकायतकर्ता की ओर से राठी से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन आरोप है कि उन्होंने नोटिस लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद गुरुग्राम के केंद्रीय विहार स्थित उनके आवास के बाहर समन चस्पा किया गया। शनिवार को सुनवाई के दौरान राठी के अधिवक्ता ने उनके लंदन में होने की जानकारी दी। फिलहाल मामले में कोई अंतिम न्यायिक निष्कर्ष सामने नहीं आया है। शिकायत में लगाए गए आरोपों पर अदालत की आगे की कार्यवाही महत्वपूर्ण होगी।

ध्रुव राठी के खिलाफ वारंट जारी

इधर, वर्ष 2018 के आपराधिक मानहानि मामले में शनिवार को दिल्ली स्थित साकेत कोर्ट ने यूट्यूबर ध्रुव राठी के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। साकेत कोर्ट ने दो दिन पहले कोर्ट ने राठी को समन जारी कर व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया था। पर ध्रुव राठी की ओर से पेश अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि वे लंदन चले गए हैं, इस कारण वह व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश नहीं हो सकते। जिसके बाद कोर्ट ने ध्रुव राठी के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया।

2018 का है मामला

बता दें कि यह मामला यह मामला मई 2018 में उसके यूट्यूब चैनल पर अपलोड किए गए बीजेपी आइटी सेल पार्ट-दो वीडियो से जुड़ा है। इसमें अरविंद केजरीवाल ने वीडियो को रीट्वीट करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगी थी, जबकि ध्रुव राठी के खिलाफ कार्यवाही जारी रही।



ग्वालियर में ट्रक ने 41 श्रद्धालुओं को कुचला, 15 मौतें, 26 घायल

शीतला माता मंदिर की लाइन में खड़े थे सभी, उन्हें ही कुचलता चला गया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर


ग्वालियर में तेज रफ्तार ट्रक ने 41 श्रद्धालुओं को कुचल दिया। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई। दो पुलिसकर्मी समेत 26 लोग घायल हैं। कलेक्टर रुचिका चौहान के मुताबिक, हादसा शनिवार देर रात करीब 1:30 बजे चीनौर रोड पर ढलान के पास हुआ। सभी श्रद्धालु शीतला माता मंदिर में दर्शन के लिए गए थे।

ट्रक श्रद्धालुओं और सड़क किनारे लगी दुकानों को रौंदते हुए मंदिर के एंट्री गेट से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि मंदिर की दीवार ढह गई। मलबे में लोग दब गए थे।

ग्वालियर पोस्टमॉर्टम रूम के पास बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पोस्टमॉर्टम रूम के अंदर 13 शव रखे हैं। परिजन बाहर इंतजार कर रहे थे, तभी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह पहुंचे। उन्हें देख परिजन आक्रोशित हो गए। परिजन का आरोप है कि जहां साइकिल तक नहीं जा सकती, वहां ट्रक कैसे पहुंचा? लोगों ने पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे भी लगाए।

घटनास्थल पर चीख-पुकार मची

हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। पुलिस, प्रशासन और स्थानीय लोगों ने राहत-बचाव अभियान चलाया। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में पहुंचाया गया। इनमें दो पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। सात घायलों की हालत गंभीर बताई गई थी। कलेक्टर रुचिका चौहान ने हादसे की जांच के निर्देश दिए हैं। आरटीओ की टीम ट्रक की तकनीकी स्थिति की जांच करेगी। यह भी पता लगाया जाएगा कि ट्रक अनियंत्रित क्यों हुआ और बैरिकेड तोड़कर प्रतिबंधित मार्ग पर कैसे पहुंचा। हादसे में जान गंवाने वाले लोगों में अब तक 11 की पहचान हो चुकी है। मृतकों में किशोरों से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हैं। हादसे के बाद मृतकों के परिवारों में मातम पसरा है। प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, पहचान किए गए मृतकों में सत्येंद्र गुर्जर, सरला तोमर, गौरव परिहार और महेश शर्मा समेत 11 लोग शामिल हैं। इन सभी के नाम, उम्र और पते की जानकारी सामने आई है।



मंदिर के पास हुआ भीषण हादसा

ग्वालियर के चीनौर रोड पर शीतला माता मंदिर के पास रात करीब 1:30 बजे यह दुर्घटना हुई। नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे थे। इसी दौरान धान से भरा ट्रक अनियंत्रित हो गया। एसएसपी धर्मवीर सिंह के मुताबिक, भारी वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए बैरिकेड लगाए गए थे। ट्रक बैरिकेड तोड़कर आगे निकल गया और चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। इसके बाद ट्रक मंदिर के प्रवेश द्वार और बाहरी दीवार से टकरा गया।

मायावती बोलीं- आकाश के ससुर को माफ नहीं करूंगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को कहा- इस तरह की अफवाहों पर बिल्कुल भरोसा न करें कि आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को माफ कर दिया जाएगा। आकाश की तरह उनको भी पार्टी में वापस ले लिया जाएगा। इसमें जरा भी सच्चाई नहीं है। अशोक सिद्धार्थ को किसी भी हालत में या किसी भी कीमत पर अब इरढ में वापस नहीं लिया जाएगा।

मायावती ने सोशल मीडिया पर लिखा- आकाश अगले एक महीने में यूपी 5 जनसभाएं करेंगे। 26 नवंबर को ह्लसंविधान दिवसह्व के मौके पंजाब में बसपा के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। उनके छोटे भाई ईशान आनंद पार्टी में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में काम करेंगे। दिल्ली के केंद्रीय कार्यालय में रहकर चुनाव और कागजी काम संभालेंगे।

मायावती ने 5 अक्टूबर को आकाश को पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक बनाया था। इससे ठीक 31 दिन पहले यानी 3 सितंबर को उन्हें पद से यह कहते हुए हटा दिया था कि आकाश को अभी और अधिक मैच्योर होने की जरूरत है। मायावती अब तक 3 बार आकाश को पद से हटा चुकी हैं। तीनों बार उन्हें वापस पद दिया गया है। 23 जून, 2024 को बसपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में आकाश आनंद ने मायावती के पैर छुए थे।

डिवाइडर से टकराई थार, तीन दोस्तों की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सहारनपुर,

सहारनपुर में रविवार तड़के 4 बजे थार कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई। जबकि 2 घायल हैं। सभी पांच दोस्त आगरा से मसूरी घूमने के लिए जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि थार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

पुलिस ने बताया कि हादसे में साहिल, राहुल और सक्षम की मौत हो गई। जबकि सचिन वर्मा और हेमंत वर्मा गंभीर घायल हो गए। हादसा नागल थाना क्षेत्र में बेलड़ा गोल चक्कर के पास हुआ। हादसे में घायल सचिन वर्मा ने बताया- पांचों दोस्त शनिवार रात करीब 9 बजे आगरा से निकले थे। कार हेमंत चला रहा था। हादसे के समय मैं सो रहा था। पता नहीं कार अचानक कैसे अनियंत्रित हुई और डिवाइडर से टकरा गई। जब मेरी आंख खुली तो खुद को सड़क पर पड़ा पाया। बाद में पता चला कि जीप का एक्सीडेंट हो गया। दोनों का सहारनपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



5 करोड़ की कथित रिश्वत मामले में ईडी की कार्रवाई

सीएम मान के साढू हिरासत में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पंजाब की सियासत में उस वक्त बड़ा भूचाल आ गया जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साढू अमरदीप सिंह ग्रेवाल को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हिरासत में ले लिया। ग्रेवाल को मुख्यमंत्री की पत्नी डॉ। गुरप्रीत कौर से जुड़े कथित 5 करोड़ रुपये के रिश्वत और केस रफा-दफा कराने के मामले में पूछताछ के लिए पकड़ा गया है।

उनके खिलाफ पहले से जारी लुकआउट सर्कुलर के आधार पर एयरपोर्ट सुरक्षा और केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह कदम उठाया, जिसके बाद उन्हें सीधे ईडी मुख्यालय ले जाया गया। अमरदीप ग्रेवाल पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हैं और उनका संबंध ईस्ट सनशाइन प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड से बताया जा रहा है। हालांकि, जांच एजेंसी की ओर से इस कार्रवाई को लेकर अभी कोई विस्तृत आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

इस पूरे विवाद की जड़ मोहाली के सोहाना थाने में 1 मई को दर्ज हुई एक गंभीर एफआईआर से जुड़ी है। एक 26 वर्षीय महिला की शिकायत पर गुरविंदर सिंह उर्फ गुरी चहल के खिलाफ बलात्कार, ब्लैकमेलिंग और जान से मारने की धमकी देने जैसी संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। इस मामले ने तब तूल पकड़ा जब आरोप लगे कि दर्ज एफआईआर को रद्द करवाने और पूरे केस को रफा-दफा करने के लिए 5 करोड़ रुपये की भारी-भरकम रिश्वत मांगी जा रही थी। इस कथित सौदेबाजी में अमरदीप सिंह ग्रेवाल की संलिप्तता का नाम उभरकर सामने आया।

याचिकाओं में बिचौलिए की भूमिका और राजनीतिक प्रभाव के आरोप

अमरदीप सिंह ग्रेवाल का नाम तब सार्वजनिक रूप से चर्चा में आया जब पीड़िता के पिता और आरोपी गुरी चहल के करीबी दोस्त सिमरनजीत सिंह हुंदल ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। याचिकाओं में आरोप लगाया गया कि ग्रेवाल के मुख्यमंत्री की पत्नी डॉ। गुरप्रीत कौर से करीबी पारिवारिक ताल्लुकात हैं और वह राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल कर रेप केस को खत्म कराने के नाम पर करोड़ों रुपये की अवैध मांग कर रहे थे।

पाक-अफगानिस्तान सीमा पर गोलीबारी

7 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत, इस साल दोनों देशों के बीच हमलों में 1100 आम नागरिक मारे जा चुके

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा पर शनिवार को भारी गोलीबारी हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें 7 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए है।

वहीं, पाकिस्तान ने दावा किया है कि जवाबी हमले में कई अफगान तालिबानी लड़ाके मारे गए और उनका एक सैन्य ठिकाना तबाह कर दिया गया। दोनों देशों के बीच यह झड़प विवादित डूरंड लाइन पर हुई। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 में अब तक अफगानिस्तान में सीमा पार से होने वाली हिंसा के कारण 1100 से ज्यादा नागरिकों की मौत हुई है।

पाकिस्तान बोला- अफगान लड़ाकों ने गोलीबारी की शुरूआत की- पाकिस्तान ने कहा कि अफगान सीमा रक्षकों ने उसके चेकपॉइंट्स पर बिना उकसावे के गोलीबारी की। वहीं, अफगान सुरक्षा सूत्रों ने पाकिस्तान पर संघर्ष शुरू करने और बिना अनुमति सीमा चौकियां बनाने की कोशिश का आरोप लगाया।

दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के सैनिकों को नुकसान पहुंचाने के दावे किए हैं। अफगान सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तानी सैनिकों ने पहले गोलीबारी की। उनके मुताबिक, अफगान बलों ने जवाबी कार्रवाई की और पाकिस्तानी सैन्यकर्मियों को नुकसान पहुंचाया। पाकिस्तान ने इसके उलट कहा कि अफगान सीमा रक्षकों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तर-पश्चिमी कुर्रम जिले में उसके चेकपॉइंट्स पर गोली चलाई।

पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच क्या विवाद है?

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पिछले साल अक्टूबर में सीमा पर बड़ी झड़पों के बाद से कई बार सैन्य टकराव हो चुका है। विवाद की एक बड़ी वजह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) है। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगानिस्तान का तालिबान प्रशासन टीटीपी को पनाह देता है और उसके लड़ाके अफगान जमीन से सीमा पार हमलों की योजना बनाकर उन्हें अंजाम देते हैं। हालांकि, काबुल इन आरोपों को खारिज करता है। टीटीपी, अफगान तालिबान का करीबी सहयोगी है और दोनों एक-दूसरे का समर्थन करते हैं। 2001 में अफगानिस्तान पर अमेरिकी हमले के बाद पाकिस्तान ने अमेरिका का साथ दिया था, जिससे नाराज होकर टीटीपी ने पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ लड़ाई शुरू की। संगठन पाकिस्तान सरकार को इस्लाम के खिलाफ मानता है। 2021 में अफगान तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद पाकिस्तान ने टीटीपी को निशाना बनाकर अफगानिस्तान में हमले भी किए।

पाकिस्तान का तालिबान ठिकाना नष्ट करने का दावा

पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारियों ने शनिवार को हुई एक अलग गोलीबारी में कई अफगान तालिबान लड़ाकों को मारने का दावा किया। उन्होंने एक तालिबानी सैन्य बेस कैंप नष्ट करने की बात भी कही। इस्लामाबाद ने आरोप लगाया कि अफगान बलों ने आतंकियों को पाकिस्तानी क्षेत्र में घुसाने में मदद के लिए गोलीबारी की। इसके बाद पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई की।

कोलकाता में भगदड़ मचने से 19 लोगों की मौत, 25 घायल

एग्जिट गेट का हिस्सा गिरा, अनाउंसमेंट से मची अफरा-तफरी, पंडाल को मिला था बेस्ट ऑफ बेस्ट अवॉर्ड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

कोलकाता के चोरबागान दुर्गा पूजा पंडाल में शनिवार शाम भगदड़ मचने से 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने आयोजकों समेत 12 लोगों को हिरासत में लिया है। हादसे के दौरान पंडाल में अंधेरा था, एंट्री-एग्जिट के रास्ते संकरे थे और बारिश के कारण भीड़ बढ़ गई थी।

सप्तमी पर मां के दर्शन के लिए पहले से ही बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। बारिश शुरू होने पर लोग भीगने से बचने के लिए पंडाल के अंदर जमा होने लगे। भीड़ का दबाव बढ़ने से एग्जिट गेट का एक हिस्सा गिर गया। इसके बाद सुरक्षाकर्मी लोगों को बाहर निकलने का अनाउंसमेंट करने लगे, तभी भगदड़ मच गई।

पुलिस ने आयोजकों समेत 12 लोगों को हिरासत में लिया

हादसे के दो दिन पहले ही इस पंडाल को पश्चिम बंगाल सरकार के देवी दुर्गा सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया था। कोलकाता में सबसे खूबसूरत पंडाल के लिए इसे बेस्ट ऑफ बेस्ट कैटेगरी में चुना गया था। इस कैटेगरी में कोलकाता के सिर्फ 3 पंडाल शामिल थे। भगदड़ के मामले में पुलिस ने आयोजकों और अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोलकाता पुलिस के मुताबिक, गिरिश पार्क थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 105, 110 और 3(5) के तहत स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले में 14 लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

टीएमसी का आरोप- दुर्गा पूजा कमेटी से जुड़े हैं सीएम शुभेंदु के भतीजे- तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि जिस दुर्गा पूजा कमेटी में भगदड़ हुई, उससे देवदीप अधिकारी जुड़े हुए हैं। पार्टी ने दावा किया कि देवदीप मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के भतीजे हैं। टीएमसी के मुताबिक, बीजेपी के जोरासांको से विधायक विजय ओझा पूजा कमेटी के अध्यक्ष हैं। वहीं, बीजेपी के उत्तर कोलकाता जिला अध्यक्ष तमोघ्न घोष भी इस कमेटी से जुड़े हुए हैं।

हादसे की जिम्मेदारी तय करने के लिए एसटीएफ जांच शुरू- पश्चिम बंगाल सरकार ने भगदड़ में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को 25 लाख रुपए मुआवजा और एक सदस्य को नौकरी देने का ऐलान किया है। घटना की जिम्मेदारी तय करने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स ने जांच शुरू कर दी है।

मरने वालों में 12वीं की छात्रा और नर्स शामिल

भगदड़ में जान गंवाने वालों में पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना जिले की 12वीं की छात्रा और हुगली की एक नर्स शामिल हैं। नॉर्थ 24 परगना के उत्तर जोगेंद्रनगर की रहने वाली प्रिया सामद्दार दोस्तों के साथ कोलकाता में दुर्गा पूजा पंडाल घूमने आई थीं।

महाकाल श्रृंगार



भगवान महाकाल को भांग, चंदन और त्रिपुंड अर्पित कर श्रृंगार किया

अपनेतक

आस्था के नाम पर अंधविश्वास का बाजार, पेड़ों पर टंगी तस्वीरें किस सच की गवाही दे रही हैं?

उज्जैन की पहचान महाकाल की नगरी, आस्था और आध्यात्मिक परंपराओं से है। लेकिन जब किसी धार्मिक स्थल के आसपास पेड़ों पर लोगों की तस्वीरें ठोंकी हुई दिखाई दें, कपड़ों के पुतले लटके हों और नींबू-मिर्च से लेकर सैंडल तक टंगी नजर आएं, तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर आस्था की इस अभिव्यक्ति के पीछे सोच क्या है?

भैरवगढ़ क्षेत्र के मेलडी माता मंदिर से सामने आए ऐसे ही दृश्य इन दिनों चर्चा में हैं। कोई इन्हें तांत्रिक कर्मकांड बता रहा है, तो कोई शत्रु नाश और पारिवारिक विवादों से मुक्ति की मान्यताओं से जोड़ रहा है। दूर-दराज से लोगों के आने के दावे भी किए जा रहे हैं। लेकिन इन चचाओं और दावों के बीच एक बुनियादी सवाल अपनी जगह कायम है—क्या किसी की तस्वीर पर कीलें ठोंकने या कपड़े का पुतला टांगने से वास्तविक जीवन की समस्याएं सुलझ सकती हैं?

पारिवारिक कलह हो, रिश्तों में तनाव हो या विवाहेतर संबंधों से जुड़ी परेशानी, इन समस्याओं का समाधान अंधविश्वास के बजाय संवाद, समझदारी और जरूरत पड़ने पर कानूनी अथवा मनोवैज्ञानिक सलाह में तलाशना अधिक उचित है। किसी व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने की मंशा से किए जाने वाले कथित टोटकों को समाधान मान लेना समस्या को और उलझा सकता है।

यहां एक दूसरा पहलू भी है। धार्मिक आस्था व्यक्तिगत विश्वास का विषय है, लेकिन किसी सार्वजनिक स्थान पर तस्वीरें, कपड़े और अन्य वस्तुएं टांगने से स्वच्छता, सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़े प्रश्न भी उठते हैं। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र की स्थिति को लेकर संबंधित प्रबंधन और प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि वास्तविकता सामने लाएं तथा जरूरत के अनुसार व्यवस्था करें।

सबसे जरूरी यह है कि वायरल वीडियो को ही पूरे सच का प्रमाण न मान लिया जाए। इन गतिविधियों के पीछे कौन है, इनका वास्तविक उद्देश्य क्या है और इनके नाम पर कहीं लोगों की परेशानियों या भय का फायदा तो नहीं उठाया जा रहा—इन सवालों की निष्पक्ष पड़ताल होनी चाहिए। किसी भी कथित चमत्कार या नुकसान पहुंचाने की क्षमता के दावे को प्रमाण के बिना सच मानना उचित नहीं है।

उज्जैन की धार्मिक पहचान आस्था से मजबूत होती है, भय और भ्रम से नहीं। मेड़ी माता मंदिर से जुड़े दृश्यों की चर्चा के बीच जरूरत किसी मान्यता का उपहास उड़ाने की नहीं, बल्कि विश्वास और अंधविश्वास के बीच अंतर समझने की है। आखिरकार, तस्वीरों पर ठोंकी गई कीलें किसी के मन में बदले की भावना का प्रतीक हो सकती हैं, लेकिन वे किसी समस्या के समाधान का प्रमाण नहीं हैं।

माधव संगीत महाविद्यालय में गायन कार्यशाला

उज्जैन। संस्कृति संचालनालय मध्य प्रदेश शासन के सौजन्य से शासकीय माधव संगीत महाविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आयोजित तीन दिवसीय गायन कार्यशाला का समापन हुआ। 13 से 15 अक्टूबर तक चली इस कार्यशाला में जाने-माने वरिष्ठ शास्त्रीय गायक पंडित सुधाकर देवल ने लगभग 110 विद्यार्थियों को शास्त्रीय गायन की बारीकियां सिखाईं।

कार्यशाला का शुभारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक शरद सूर्यवंशी और स्टॉफ की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस विद्यार्थियों को थाटों पर आधारित राग माला और राग यमन में छोटा ख्याल सिखाया गया। द्वितीय दिवस राग यमन में तराना, राग खमाज में ठुमरी तथा देशभक्ति गीत का प्रशिक्षण दिया गया।

सिंहस्थ 2016 में लगाए पेड़ सड़क निर्माण की भेंट चढ़े, दोबारा रोपने की पहल क्यों नहीं?

ब्रिज निर्माण के लिए उखाड़कर फेंके पेड़, पर्यावरण संरक्षण के दावों पर सवाल; दूसरी जगह रोपकर बचाया जा सकता था हरियाली का यह खजाना

विकास के साथ पर्यावरण बचाने की जिम्मेदारी भी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर में सड़क और ब्रिज निर्माण के नाम पर विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं, लेकिन इस विकास की कीमत पर्यावरण को चुकानी पड़ रही है। सिंहस्थ 2016 के दौरान लगाए गए पेड़ों को ब्रिज निर्माण के लिए उखाड़कर फेंक दिया गया। सवाल यह है कि वर्षों से तैयार हो रहे इन पेड़ों को बचाने की कोशिश क्यों नहीं की गई? क्या निर्माण कार्य के लिए इन्हें हटाना जरूरी था, या फिर इन्हें दूसरी जगह रोपकर सुरक्षित रखा जा सकता था?

सिंहस्थ 2016 के दौरान शहर में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से बड़ी संख्या में पौधे लगाए गए थे। इन पौधों ने वर्षों में पेड़ों का रूप लिया। अब सड़क और ब्रिज निर्माण के दौरान इन्हें उखाड़कर फेंक दिए जाने से हरियाली को नुकसान पहुंचा है। यदि निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग समय रहते योजना बनाते, तो इन पेड़ों को किसी अन्य उपयुक्त स्थान





पर स्थानांतरित करने का प्रयास किया जा सकता था। सड़क और ब्रिज का निर्माण शहर की जरूरत है, लेकिन विकास का अर्थ यह नहीं कि पहले से मौजूद हरियाली को बिना विकल्प तलाशे नष्ट कर दिया जाए। पेड़ों को दूसरी जगह रोपने के लिए तकनीकी प्रक्रिया, उचित समय और देखभाल की जरूरत होती है। हर पेड़ को सफलतापूर्वक स्थानांतरित करना संभव नहीं होता, लेकिन जहां यह विकल्प उपलब्ध था, वहां कम से कम प्रयास तो किया जाना चाहिए था।

विकास जरूरी है लेकिन हरियाली की कीमत पर नहीं

अब सवाल संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसी से है कि पेड़ों को हटाने से पहले उनके संरक्षण या पुनःरोपण की योजना बनाई गई थी या नहीं? कितने पेड़ हटाए गए और क्या उनके बदले नए पौधे लगाए जाएंगे? यदि सिंहस्थ के नाम पर वर्षों पहले तैयार की गई हरियाली को इस तरह खत्म कर दिया जाएगा, तो पर्यावरण संरक्षण के दावे केवल कागजों तक ही सीमित रह जाएंगे।

विकास जरूरी है, लेकिन हरियाली की कीमत पर नहीं। निर्माण कार्यों की योजना बनाते समय पेड़ों को बचाने और जरूरत पड़ने पर दूसरी जगह रोपने को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि शहर को बेहतर सड़कें और ब्रिज मिलने के साथ उसकी हरियाली भी कायम रहे।

पुजारी परिवार ने हरसिद्धि को अर्पित की चुनरी



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

प्रसिद्ध शक्तिपीठ हरसिद्धि मे सप्तमी तिथि पर मां हरसिद्धि को पुजारी गिरि परिवार द्वारा विशाल चुनरी अर्पित की गई। मंदिर परिसर मे पूर्व विधायक राजेन्द्र भारती ने चुनरी यात्रा का श्रीगणेश किया और चुनरी देवी मां को धार्मिक विधि विधान से अर्पित की। इसके बाद माता की आराधना उपरांत कन्याओं और दर्शनार्थियों को फल वितरित किए गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक भारती का स्वागत चुनरी ओढाकर मंदिर महंत रामचन्द्र, गिरि ने किया। कार्यक्रम में पुजारी परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

संभाग स्तरीय मुक्केबाजी स्पर्धा के विजेता पुरस्कृत

उज्जैन। सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग में आयोजित संभाग स्तरीय महिला व पुरुष मुक्केबाजी प्रतियोगिता का उत्साहपूर्वक समापन हुआ। स्पर्धा के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा के मार्गदर्शन में कन्या पूजन महोत्सव आयोजित

उज्जैन उत्तर में 151 स्थानों पर 31 हजार कन्याओं का पूजन, गायत्री नगर में 125 कन्याओं का सम्मान

गरबा, जन्मदिन उत्सव और भोजन प्रसादी का भी आयोजन



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन उत्तर के विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा के मार्गदर्शन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4 के बूथ क्रमांक 50, गायत्री नगर में भव्य कन्या पूजन समारोह आयोजित किया



गया। आयोजकों के अनुसार, उज्जैन उत्तर विधानसभा क्षेत्र में 151 स्थानों पर एक साथ 31 हजार कन्याओं का पूजन किया गया। इसी क्रम में गायत्री नगर स्थित बूथ क्रमांक 50 पर 125 कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर उनका सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए किसान मोर्चा के जिला मंत्री एवं बूथ अध्यक्ष दिनेश कुंभकार ने बताया कि कन्या पूजन समारोह में अतिथि एवं यजमान के रूप में वृंदावन धाम के महंत श्री गिरी जी शर्मा, संजय वर्मा और दीप यादव उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में राजेश सेठी, जगदीश कारपेंटर, श्रीमती इंदु जायसवाल, जगदीश माली काका, जय नारायण तिवारी, गंगाराम साहू, विक्रम चौहान, हेमंत सेठी, प्रकाश स्वर्णकार, शर्मा जी और मोनिका जायसवाल सहित अन्य गणमान्यजन शामिल हुए।

समारोह के दौरान मातृशक्ति एवं कन्याओं ने गरबा कर उत्सव का आनंद लिया। इस अवसर पर दो कन्याओं का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया। इसके बाद सभी कन्याओं को कुमकुम एवं बिंदी लगाकर उपहार और लिफाफे भेंट किए गए। तत्पश्चात कन्याओं को भोजन प्रसादी ग्रहण कराई गई।

धार्मिक आस्था और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुए इस आयोजन का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। कार्यक्रम का आभार गोपाल भावसार ने व्यक्त किया।

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय को मिला बेस्ट इमर्जिंग यूनिवर्सिटी का राष्ट्रीय अवार्ड



कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने बेंगलुरु में ग्रहण किया सम्मान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और नवाचारों के लिए उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर द बेस्ट इमर्जिंग यूनिवर्सिटी ऑफ द ईयर 2026 पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। बेंगलुरु के सेंचुरी क्लब स्थित नलवाड़ी कृष्णराज वाडियार हॉल में 16 अक्टूबर को आयोजित समारोह में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने यह प्रतिष्ठित वर्ल्ड ग्लोबल एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड ग्रहण किया। इस राष्ट्रीय आयोजन में द न्यूजपेपर्स एसोसिएशन ऑफ कर्नाटक के अध्यक्ष व आयोजक श्रवण लक्ष्मण उपस्थित थे। साथ ही कर्नाटक की पूर्व मुख्य सचिव एवं यूबीयूएनटीयू कंसोर्टियम की संस्थापक डॉ. के. रत्ना प्रभा सहित देश विदेश के कई जाने माने शिक्षाविद्, शोधकर्ता और नीति निमार्ता मौजूद रहे।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि यह सफलता शानदार शैक्षणिक प्रगति, शोध कार्यों और नवाचारों के दम पर मिली है। वर्तमान में संस्थान में कई बड़े प्रोजेक्ट्स संचालित हो रहे हैं। इनमें पीएम मेरु योजना के तहत 100 करोड़ रुपये से 19 बहु विषयक अनुसंधान परियोजनाएं, ज्ञान भारतम् योजना के अंतर्गत सिंधिया प्राच्य विद्या शोध संस्थान स्थित विश्वविद्यालय संग्रहालय के जीर्णोद्धार के लिए 26 करोड़ रुपये का अनुदान और आईआईटी के सहयोग से सक्षम कार्यक्रम के तहत 13.58 करोड़ रुपये के अनुदान से चल रही 18 परियोजनाएं शामिल हैं।

गंभीर हादसा टला, पोकलेन के पंजे पर भरभराकर गिरा भवन

हरियाणा सेवाश्रम को हटाने के दौरान मचा हड़कंप, धूल के गुबार से पट गया इलाका; बाल-बाल बचे लोग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंहस्थ मेला क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान उस समय बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब हरियाणा सेवाश्रम के चार मंजिला भवन को हटाते समय पूरी इमारत अचानक भरभराकर गिर पड़ी। भवन का मलबा सीधे पोकलेन मशीन के पंजे पर जा गिरा, जिससे मशीन का पंजा मलबे में दब गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

नगर निगम की टीम सिंहस्थ मेला क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रही थी। इसी दौरान चार मंजिला भवन को गिराने का काम चल रहा था। अचानक विशाल भवन ढह गया



और देखते ही देखते पूरा क्षेत्र धूल के गुबार से भर गया। मौके पर मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। कार्रवाई देख रहे लोग जान बचाने के लिए दूर भागते नजर आए।

भवन गिरने से आसपास धूल का घना गुबार छा गया और कुछ देर तक कुछ भी साफ दिखाई नहीं दिया। पोकलेन मशीन का पंजा मलबे में दबने से मौके पर मौजूद लोगों की चिंता बढ़ गई। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

सिंहस्थ की तैयारियों के मद्देनजर मेला क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। चार मंजिला भवन के अचानक गिरने की घटना ने कार्रवाई के दौरान सुरक्षा इंतजामों को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं।

सकल सिंधी समाज के गरबे में झूमीं 'तारक मेहता' फेम बबीता


उज्जैन। इंदौर रोड स्थित होटल पार्क पैलेस में सकल सिंधी समाज का गरबा महोत्सव पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया जा रहा है। बीती रात इस महोत्सव में लोकप्रिय टीवी धारावाहिक ह्यतारक मेहता का उल्टा चश्माह्न में बबीता का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री मुनमुन दत्ता शामिल हुईं, जिससे गरबा प्रांगण में मौजूद लोग झूम उठे। संयोजक गोपाल बलवानी और लोकेशन आडवानी ने बताया कि महोत्सव में महिलाएं और बालिकाएं गुजराती, काठियावाड़ी, मारवाड़ी, सिंधी और मालवी विधाओं में पारंपरिक गरबा आराधना कर रही हैं। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी और ललित लुल्ला के अनुसार, प्रतिदिन रात 8 बजे भगवान झूलेलाल की आरती के साथ आयोजन प्रारंभ होता है और रात 10.30 बजे तक गरबा चलता है।

साल में एक ही दिन खुलते हैं रावण मंदिर के पट

मां छिन्नमस्ता का द्वारपाल बना बैठा है रावण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

वैसे तो विजयादशमी पर पूरे देश में बुराई के प्रतीक रावण का दहन करने की परंपरा प्रचलित है किन्तु कुछ स्थानों पर विजयादशमी पर महापंडित के रूप मे रावण की पूजा भी की जाती है। कानपुर के शिवाला स्थित कैलाश मंदिर के परिसर में रावण का अनूठा मंदिर है। यहां रावण द्वारपाल की मुद्रा मे है। लंकापति के चरित्र का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि रावण परम शिवभक्त व वेदों का ज्ञाता था। रावण ने ही भगवान शिव की प्रशस्ति में शिव- तांडव स्त्रोत की रचना की थी और भोलेनाथ को प्रसन्न कर विविध वरदान प्राप्त कर लिए थे। उन्नाव के महाराज गुरूप्रसाद शुक्ल ने वर्ष 1868 मे कानपुर के शिवाला क्षेत्र मे रावण के अनोखे मंदिर का निर्माण करवाया था। इसमे दैत्यराज रावण के दस मुख सभी को आकर्षित करते हैं। मंदिर वर्ष के 364 दिन बंद रहता है और केवल विजयादशमी पर ही दशानन मंदिर के पट खुलते हैं। शाम को जब रामलीला मैदान मे रावण दहन होता है तभी मंदिर के पट बंद किए जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि रावण को मोक्ष मिल गया और कपाट पुनः बंद कर दिए जाते हैं।अगली विजयादशमी तक मंदिर बंद ही रहता है।



नकारात्मक शक्तियों से रक्षा की कामना



विजयादशमी पर दशानन मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालु मूर्ति पर पुष्प चढाकर सरसों के तेल का दीपक जलाते हैं और रावण से सुरक्षा की कामना करते हैं। मान्यता है कि इस दिन रावण की आराधना करने से नकारात्मक शक्तियों से सुरक्षा का आशीष दशानन देते हैं। दशानन का ये मंदिर प्रेरणा है कि हम किसी की भी अच्छाइयों को आत्मसात करें और बुराई को त्यागकर आगे बढते जाएं।

छिन्नमस्तिका देवी का वरदान

लोकमान्यता है कि कैलाश मंदिर स्थित छिन्नमस्तिका देवी के दर्शन अधूरे रहेंगे यदि दशानन की आराधना न की जाए। पौराणिक मान्यतानुसार एक बार रावण ने कठोर तप करके मां छिन्नमस्तिका को प्रसन्न किया। माता ने रावण को वरदान दिया कि देवी के दर्शन का फल भक्त को तभी मिलेगा जब वह दशानन के दर्शन पहले करे। शायद इसीलिए मंदिर के बाहर दशानन द्वारपाल मुद्रा मे विराजित है।

दशानन के दर्शन का आकर्षण

कानपुर व आसपास के क्षेत्र से श्रद्धालु सुबह से ही दशानन के दर्शन हेतु एकत्र हो जाते हैं। शस्त्र व शास्त्रों मे निपुण महापंडित रावण का दुग्धाभिषेक होता है फिर विग्रह को विधिवत पीला दुपट्टा पहनाया जाता है। तरोई के फूल अर्पित किए जाते हैं और सरसों तेल के दीप प्रज्जवलित किए जाते हैं।

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को गति देने रेलवे एवं प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त बैठक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के अंतर्गत रेलवे एवं संबंधित विभागों के निर्माण कार्यों में समन्वय सुनिश्चित करने के लिए संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह की अध्यक्षता में संयुक्त बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर कार्यालय स्थित प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में हुई बैठक में निर्माण कार्यों की प्रगति , कार्यों में आ रही बाधाओं के निराकरण के लिए चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए।

बैठक मे रेलवे से एडीआरएम ,रतलाम कुन्जी लाल मीना, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) पीयूष पाण्डेय, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांस कूमट सहित नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सड़क कनेक्टिविटी, सड़क चौड़ीकरण, जलापूर्ति और पुल निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक में रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक-1 की ओर स्थित जर्जर भवन को सुरक्षा की दृष्टि से हटाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही रेलवे लाइन के ऊपर एवं नीचे प्रस्तावित रोड ओवर ब्रिज और रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) के निर्माण से संबंधित प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने तथा आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए गए।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल

ई-निविदा सूचना

निविदा संख्या-83267090 दिनांक: 16.10.2026 कार्य का नाम: ELASTIC RAIL CLIP (ERC) MK-V WITH FLAT TOE FOR 60KG UIC/52KG RAIL SECTIONS DRG: (RDSO) RDSO_T_5919_Alt_2 SPEC: (RDSO) IRS/T-31-2025 Sixth Revision [**Warranty Period:** 30 Months after the date of delivery] [**Inspection Agency:** RITES NON-TPI, **Stage Insp.:** NA, **Stages:** 0] [**UVAM Linking:** Item: 3100558, ELASTIC RAIL CLIPS] **Item Type:** Goods (supply) **कार्य की अनुमानित लागत:** Rs. 4,20,84,000.00 **पैनल आयटम:** This item is restricted to be procured from RDSO approved sources only Item ID 3100558. **निविदा दस्तावेज की लागत :** 0 (Zero) **बयाना राशि जमा :** Rs. 8,41,680.00 **ऑफर की वैधता (दिन) :** Within 120 days thereafter **ई-निविदा दस्तावेज जमा करने के लिए समापन का समय और तारीख :** 26-OCT-26 11.00 **ई-निविदा खोलने का समय और तारीख:** 26-OCT-26 11.30. निविदा को ई-निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन देखा जा सकता है और प्रस्ताव उसी ई-निविदा पोर्टल पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।

Apex/301

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

उज्जैन
रविवार
18
अक्टूबर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

सालस्यो गर्वितो निद्रः परहस्तेन लेखकः।
अल्पविद्यो विवादी च षडेते आत्मघातकाः।।

अर्थः आलसी, अभिमानी, बहुत अधिक सोना, अजनबियों के साथ लिखना, थोड़ा सीखना और बहस करना ये छह आत्महत्याएं हैं।

खबर एक नजर...

175 डॉक्टर-नर्सों एवं कर्मचारियों के अटैचमेंट समाप्त

इंदौर। स्वास्थ्य विभाग में मूल पदस्थापना के बजाय दूसरी जगह काम कर रहे 175 डॉक्टर, नर्स और अन्य कर्मचारियों के अटैचमेंट समाप्त कर दिए गए हैं। सीएमएचओ डॉ. माधव प्रसाद हसानी ने 16 अक्टूबर को आदेश जारी कर सभी अटैचमेंट तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए। अब संबंधित कर्मचारियों को अपने मूल पदस्थापना स्थल पर जॉइनिंग देनी होगी। ऐसा करने के बाद ही उन्हें अक्टूबर का वेतन मिलेगा। आदेश के अनुसार संबंधित अधिकारियों को अटैच कर्मचारियों को उसी दिन कार्यमुक्त कर उनकी मूल पदस्थापना पर भेजना होगा। इसकी जानकारी सीएमएचओ कार्यालय को भी देनी होगी। वेतन आहरण केंद्रों को निर्देश दिए गए हैं कि कर्मचारियों के मूल पदस्थापना स्थल पर उपस्थित होने के बाद ही अक्टूबर का वेतन आहरित किया जाए। सीएमएचओ ने स्पष्ट किया है कि आदेश के बाद भी कोई अधिकारी या कर्मचारी अटैचमेंट पर कार्यरत पाया गया, तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसकी जिम्मेदारी संबंधित संस्था प्रभारी की होगी।

एमजीएम में 22 अक्टूबर से आंदोलन पर डॉक्टरों में फूट

इंदौर। एमजीएम मेडिकल कॉलेज में 22 अक्टूबर से प्रस्तावित आंदोलन को लेकर डॉक्टरों के बीच मतभेद सामने आ गए हैं। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आंदोलन को जनरल बॉडी की बैठक में लिया गया सामूहिक निर्णय बताया है। वहीं, एसोसिएशन से जुड़े दूसरे गुट के डॉक्टरों ने हड़ताल से इनकार करते हुए कहा है कि मरीजों का इलाज उनकी प्राथमिकता है और ओपीडी में कामकाज सामान्य रूप से जारी रहेगा। इस विवाद के बीच एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कुछ डॉक्टरों की ओर से मीडिया में जारी बयान भ्रामक हैं और ऐसा लगता है कि वे प्रशासन के प्रभाव में दिए गए हैं। दूसरी ओर, हड़ताल का विरोध कर रहे डॉक्टरों का कहना है कि मांगों के लिए शासन और कॉलेज प्रबंधन के सामने संवैधानिक तरीके से बात रखनी चाहिए, न कि काम बंद कर-के मरीजों को परेशानी में डालना चाहिए। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राहुल रोकडे, उपाध्यक्ष डॉ. साधना सोडानी और डॉ. बजरंग कुमार सिंह और सचिव डॉ. अशोक ठाकुर की ओर से जारी बयान में कहा गया कि एमटीए एमजीएम मेडिकल कॉलेज और डेंटल कॉलेज के चिकित्सा शिक्षकों की रजिस्टर्ड संस्था है।

एनएचएआई बोला- इंदौर में बायपास के गड्ढे भर दिए

इंदौर। इंदौर-देवास बायपास की बदहाली को लेकर हाईकोर्ट में चल रही जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने कोर्ट में फोटोग्राफ पेश कर दावा किया कि बायपास के गड्ढे भर दिए गए हैं और अब वहां कोई समस्या नहीं है। इस पर हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता से मौके पर जाकर सड़क की स्थिति देखने और वास्तविकता से कोर्ट को अवगत कराने को कहा है। मामले में अगली सुनवाई 27 अक्टूबर को होगी। मामले की सुनवाई जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और जस्टिस जय कुमार पिल्लई की डबल बेंच में हुई। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने एनएचएआई से पूछा था कि वर्ष 2023 में हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश और सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के बाद बायपास की स्थिति सुधारने के लिए क्या काम किए गए हैं।

महू में पटाखों से भरा आइशर खाई में गिरा, चालक-क्लीनर को आई चोट

महू। महू के बाई गांव घाट पर शुक्रवार रात को पटाखों से भरा आइशर वाहन खाई में गिर गया। वाहन में आग लगते ही पटाखे फूटने लगे और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में चालक और क्लीनर को हल्की चोटें आईं। राहत की बात रही कि किसी की जान नहीं गई। घटना का वीडियो शनिवार को सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, वाहन बिजनौर से चेन्नई जा रहा था। इंदौर-इच्छापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाई गांव घाट के मोड़ पर चालक का संतुलन बिगड़ गया। इसके बाद वाहन खाई में गिर गया और उसमें आग लग गई। वाहन में पटाखे भरे होने के कारण आग लगते ही धमाके होने लगे। चालक और क्लीनर को हल्की चोटें आईं। हादसे में कितना नुकसान हुआ, इसकी पूरी जानकारी सामने नहीं आई है।

नाबालिग ने पहचान छिपाकर दो लड़कियों से किया रेप

इंदौर। पीथमपुर के सेक्टर-1 थाना क्षेत्र में 17 वर्षीय आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, धमकी और पहचान छिपाकर युवतियों से संपर्क करने के आरोप में दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए। पुलिस के अनुसार, दोनों मामलों में आरोपी ने इंस्टाग्राम पर अलग नाम और पहचान बताकर पीड़िताओं से संपर्क बढ़ाया। एक मामले में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और वीडियो बनाने का आरोप है, जबकि दूसरे में शारीरिक संबंध बनाने के बाद मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत है। एडिशनल एसपी पारुल बेलापुरकर ने बताया कि दोनों मामलों की जांच की जा रही है।


हेड कॉन्स्टेबल के करीबी इंस्पेक्टर पटेल भोपाल मुख्यालय अटैच

पिस्टल वाली फोटो वायरल, लोकायुक्त जांच में कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

आय से अधिक संपत्ति के मामले में लोकायुक्त की जांच का सामना कर रहे हेड कॉन्स्टेबल फिरोज खान से जुड़े मामले में नए घटनाक्रम सामने आए हैं।

फिरोज खान की अपने करीबी साथी और देवास की विशेष शाखा में इंसपेक्टर महेंद्र पटेल के साथ एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। फोटो में दोनों साथ नजर आ रहे हैं। फिरोज खान के हाथ में पिस्टल भी दिखाई दे रही है। इस बीच महेंद्र पटेल को भोपाल मुख्यालय पदस्थ करने के आदेश जारी किए गए हैं। दोनों के बीच संपत्तियों को लेकर भी कुछ लेन-देन है तो उसकी भी जांच की जा रही है।



38 संपत्तियों की जांच के बीच बढ़ा मामला

फिरोज खान के खिलाफ लोकायुक्त की कार्रवाई में अब तक 38 संपत्तियों का पता चलने की जानकारी सामने आई थी। इनकी सरकारी गाइडलाइन के हिसाब से कीमत करीब 13 करोड़ रुपए, जबकि बाजार मूल्य लगभग 35.46 करोड़ रुपए आंका गया था। जांच में आय और खर्च के बीच बड़े अंतर की पड़ताल की जा रही है। सहयोगियों और परिचितों के नाम पर संपत्तियां खरीदे जाने की आशंका से जुड़े पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

सूत्रों के अनुसार लोकायुक्त पुलिस और पुलिस मुख्यालय को दोनों के संबंध में कुछ इनपुट मिले थे। इसके बाद शनिवार को भोपाल मुख्यालय से पटेल को मुख्यालय पदस्थ करने का आदेश जारी किया गया। हालांकि, इस प्रशासनिक कार्रवाई के पीछे के कारणों को लेकर आधिकारिक तौर पर विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

फोटो में साथ नजर आए दोनों, पिस्टल लेकर दिखे फिरोज खान- सोशल मीडिया पर वायरल फोटो में फिरोज खान और इंस्पेक्टर महेंद्र पटेल साथ दिखाई दे रहे हैं। फोटो में फिरोज खान पिस्टल लिए हुए हैं और उनका अंदाज रौब दिखाने जैसा नजर आ रहा है।

फोटो के सामने आने के बाद दोनों की नजदीकी को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि, फोटो कब और कहां ली गई थी, इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

लोकायुक्त जांच जारी, अन्य पहलुओं पर भी नजर- फिरोज खान के खिलाफ चल रही जांच के बीच इंस्पेक्टर महेंद्र पटेल को मुख्यालय पदस्थ किए जाने के घटनाक्रम ने मामले को नया मोड़ दिया है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि लोकायुक्त जांच और पुलिस मुख्यालय को मिले इनपुट के आधार पर आगे क्या कार्रवाई होती है।

फिलहाल, पटेल के खिलाफ किसी अपराध में संलिप्तता या फिरोज खान की संपत्तियों से उनके संबंध की आधिकारिक पुष्टि सामने नहीं आई है।

गरबा पंडाल से धक्का देकर निकाला, कहते सुनाई दिए- तू हट जा यहां से

बच्ची से बदसलूकी, भाजपा मंडल अध्यक्ष पर एफआईआर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में गरबा उत्सव के दौरान नाबालिग बालिका से अभद्रता और धक्का-मुक्की के मामले में हीरानगर पुलिस ने शनिवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल चौहान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

मामले में पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराएं लगाई गई हैं। घटना दो दिन पहले गुरुवार रात की है। इसका वीडियो वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आया था। वहीं, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने मंडल अध्यक्ष कमल चौहान को नोटिस जारी कर 3 दिन में जवाब मांगा है।

वीडियो में बालिका को धक्का देते नजर आए- घटना के वीडियो में कमल चौहान बैरिकेडिंग पार कर बालिका के पास पहुंचते और उसे पकड़कर धक्का देते नजर आए। वीडियो में वे बालिका से तू हट जा यहां से कहते सुनाई देते हैं। बालिका उनके व्यवहार पर आपत्ति जताते हुए कहती है, यह ठीक नहीं है। वह पुलिस में शिकायत करने की बात भी कहती है।



एंट्री रोकने पर शुरू हुआ विवाद- जानकारी के मुताबिक, गुरुवार रात शहर के पूर्वी क्षेत्र में आयोजित बड़े गरबा उत्सव में बालिका अपने परिजन के साथ पहुंची थी। वह गरबा खेलना चाहती थी, लेकिन उसे प्रवेश देने से मना कर दिया गया। इसी बात पर आयोजन की व्यवस्था संभाल रहे लोगों से बहस शुरू हो गई। बालिका के साथ आए लोगों ने विरोध किया तो उनके साथ भी बदसलूकी किए जाने की बात सामने आई थी। बालिका गरीब परिवार से बताई जा रही है। घटना के बाद से उसके दोबारा आयोजन स्थल पर पहुंचने की जानकारी नहीं मिली है।

वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस ने तलाशा- वीडियो वायरल होने के बाद हीरानगर पुलिस ने बालिका और उसके परिवार की तलाश की। इसके बाद शिकायत के आधार पर शनिवार को कमल चौहान के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

समझौते के लिए थाने पहुंचे भाजपा नेता

मंडल अध्यक्ष कमल चौहान के खिलाफ शिकायत लेकर पीड़िता और उसके पिता थाने पहुंचे तो वहां एमआईसी सदस्य जीतू जाटव, रोहित चौधरी सहित कई भाजपा नेता भी पहुंच गए। बताया जा रहा है कि नेता दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के लिए पहुंचे थे।
पीड़िता के पिता ने भी समझौते की बात कही, लेकिन पीड़िता ने केस दर्ज कराने की बात पर जोर दिया। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। जीतू जाटव को पहले पार्टी से निष्कासित किया जा चुका है। हाल ही में उनकी पार्टी में वापसी हुई और उन्हें एमआईसी सदस्य बनाया गया। आरोपी मंडल अध्यक्ष कमल चौहान को क्षेत्रीय विधायक रमेश मेंदोला का करीबी बताया जाता है। उधर, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा द्वारा भी कमल चौहान को फटकार लगाए जाने की चर्चा है।

दशहरे की छुट्टी में इंदौर आ रही छात्रा की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

दशहरे की छुट्टियों में हॉस्टल से घर लौट रही 15 साल की महिमा की सड़क हादसे में मौत हो गई। इंदौर में डबल चौकी से अपने मौसा के साथ मोटर साइकिल पर इंदौर आ रही छात्रा पालदा क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आ गई। वह ट्रक के टायर के नीचे आ गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल चला रहे उसके मौसा घायल हो गए। हादसा नेमावर रोड पर पालदा क्षेत्र में हनुमान मंदिर के आगे हुआ। मृतका की पहचान महिमा पिता गलसिंग सोलंकी, निवासी ग्राम भायली, जिला देवास के रूप में हुई है। 9वीं की छात्रा हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। दशहरे की छुट्टियां होने के कारण वह अपने मौसा मूलचंद बघेला (28) के साथ इंदौर आ रही थी। हादसे के दौरान मोटरसाइकिल चला रहे छात्रा के मौसा मूलचंद ने हेलमेट पहन रखा था। उनके मुताबिक, हेलमेट पहने होने के कारण उनकी जान बच गई। हादसे में वे घायल हुए, जबकि उनके साथ बैठी महिमा ट्रक के टायर के नीचे आ गई और उसकी जान नहीं बच सकी। हालांकि, उनके पैर में गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना मिलने पर भंवरकुआं पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस हादसे के कारणों और ट्रक चालक की भूमिका की जांच कर रही है।

पालदा क्षेत्र में सड़क हादसों की संख्या लगातार बढ़ते जा रही है। यहां इससे पहले भी हुए सड़क हादसों में कई लोगों की मौत हो गई है। लेकिन इसके बावजूद सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं।

भूमिगत मेट्रो रूट के विरोध में रीगल चौराहे पर प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में भूमिगत मेट्रो के प्रस्तावित रूट को लेकर रहवासियों का विरोध जारी है। शनिवार को बड़ी संख्या में लोग रीगल चौराहे पर जुटे और मुंह पर काली पट्टी बांधकर मौन प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हमारा घर, हमारा अधिकार-विकास चाहिए, विनाश नहीं का संदेश देते हुए शासन-प्रशासन से जवाब मांगा। उनका कहना है कि पिछले करीब चार महीने से इस मुद्दे पर विरोध किया जा रहा है, लेकिन अब तक जिम्मेदारों की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला है। प्रदर्शन में शामिल रहवासियों ने कनाड़िया रोड/बंगाली से कनाड़िया होते हुए पलासिया तक प्रस्तावित मेट्रो रूट में बदलाव पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि बंगाली से पलासिया तक एलिवेटेड मेट्रो रूट भारत सरकार के आधिकारिक गजट में अधिसूचित हो चुका था। इसके बावजूद बाद में रहवासी क्षेत्र में भूमिगत मेट्रो का प्रस्ताव सामने आया। रहवासियों ने सवाल किया कि पहले से अधिसूचित रूट में बदलाव क्यों किया गया और इसका तकनीकी आधार क्या है। उन्होंने शासन-प्रशासन से निर्णय की प्रक्रिया और बदलाव के पीछे की वजह सार्वजनिक करने की मांग की।

दंत चिकित्सकों ने दिखाई एकजुटता, श्रीनगर से कन्याकुमारी तक देशभर में चल रहा अभियान

वन नेशन, वन एसोसिएशन के समर्थन में निकाली रैली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

देशभर के दंत चिकित्सकों को एक साझा मंच पर लाने और संगठनात्मक एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से शनिवार को इंदौर में वन नेशन, वन एसोसिएशन के समर्थन में जागरूकता रैली निकाली गई। शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय से शुरू हुई रैली में शहर के विभिन्न दंत महाविद्यालयों के चिकित्सक, विभागाध्यक्ष और स्नातकोत्तर विद्यार्थी शामिल हुए।

विधायक राकेश गोलू शुक्ला और दीपेंद्र सिंह सोलंकी ने रैली का शुभारंभ किया। रैली के जरिए चिकित्सकों ने संगठन की एकजुटता और अखंडता के प्रति समर्थन जताया। कार्यक्रम में दंत चिकित्सा विशेषज्ञों ने देशभर के चिकित्सकों के बीच बेहतर समन्वय और एक साझा मंच की जरूरत पर जोर दिया।



श्रीनगर से कन्याकुमारी तक चल रहा अभियान- यह पहल इंडियन एसोसिएशन ऑफ कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडॉन्टिक्स की ओर से देशभर में चलाई जा रही है। वर्ष 1982 में स्थापित इस संस्था के सचिव डॉ. मोहन कुमार, अध्यक्ष डॉ. मित्रा हेगड़े और डॉ. दिव्येंदु मजूमदार के मार्गदर्शन में श्रीनगर से कन्याकुमारी तक जागरूकता अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में इंदौर में भी रैली निकाली गई।

आयोजकों के अनुसार, अभियान का उद्देश्य देशभर के एंडोडॉन्टिस्ट्स को एक साझा मंच से जोड़ना और अनेकता में एकता की भावना को प्रोत्साहित करना है। इसके माध्यम से दंत चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञों और युवा चिकित्सकों को संगठन से जोड़ने के साथ आपसी समन्वय बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

प्राचार्य ने की पहल की सराहना- कार्यक्रम में शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. जया जोशी ने आईएसीडीई की पहल की सराहना की। रैली में डॉ. सौरभ गुप्ता, डॉ. सुपर्णा, डॉ. अरविंद जैन, डॉ. सुरुचि सिसोदिया, डॉ. पल्लव, डॉ. कुलदीप राणा, डॉ. सुरेखा, डॉ. नीलम, डॉ. अनीशा और डॉ. पायल सहित अन्य चिकित्सक और स्नातकोत्तर विद्यार्थी शामिल हुए। पार्षद पंखुड़ी जैन धोशी ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

---

30 साल की युवती, 35 की महिला ने गांठ को समझा सामान्य, इलाज के बाद मां बनने की उम्मीद भी

30 से 40 साल की महिलाओं में भी बढ़ रहा ब्रेस्ट कैंसर के मामले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में एक निजी कंपनी में काम करने वाली 30 साल की युवती को ब्रेस्ट कैंसर हुआ तो उसके सामने इलाज के साथ भविष्य में मां बन पाने की चिंता भी खड़ी हो गई।

उज्जैन की 35 साल की महिला ने स्तन में गांठ को शुरूआत में सामान्य समस्या समझकर नजरअंदाज किया, लेकिन गांठ बने रहने पर जांच कराई तो कैंसर की पुष्टि हुई। वहीं, 33 साल की एक अन्य महिला के मामले में जांच के दौरान परिवार में नानी को कैंसर होने की जानकारी सामने आई। जीन टेस्ट में आनुवंशिक कारण की पुष्टि हुई।

ये मामले बताते हैं कि ब्रेस्ट कैंसर केवल बढ़ती उम्र की बीमारी नहीं रह गया है। 30 से 40 साल की महिलाओं में भी इसके मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में लक्षणों को नजरअंदाज न करना, जोखिम को समझना और समय पर चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी है। अक्टूबर को दुनिया भर में ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस मंथ के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर विशेषज्ञ जीवनशैली, पारिवारिक इतिहास, समय पर जांच और इलाज के नए विकल्पों के प्रति जागरूक रहने की सलाह देते हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, कैंसर की पहचान होने के बाद भी कुछ महिलाएं इलाज पूरा करने के बाद मां बन सकती हैं। इसके लिए इलाज शुरू करने से पहले ही प्रजनन क्षमता पर संभावित असर और फर्टिलिटी प्रिजर्वेशन के विकल्पों पर विशेषज्ञ से चर्चा करना उपयोगी है।



कैंसर के बाद भी मां बनने की संभावना

कम उम्र में ब्रेस्ट कैंसर होने पर इलाज के साथ भविष्य में परिवार बढ़ाने का सवाल भी महत्वपूर्ण हो जाता है। डॉक्टरों के मुताबिक, कुछ महिलाएं कैंसर का इलाज पूरा होने के बाद मां बन सकती हैं।
हालांकि, गर्भधारण का सही समय कैंसर के प्रकार, बीमारी की स्थिति और दिए गए उपचार पर निर्भर करता है। इसलिए इलाज शुरू करने से पहले डॉक्टर से प्रजनन क्षमता पर संभावित असर के बारे में चर्चा करनी चाहिए।
जरूरत के अनुसार एग या एम्ब्रियो फ्रीजिंग जैसे फर्टिलिटी प्रिजर्वेशन विकल्पों पर भी विचार किया जा सकता है। इलाज के बाद गर्भधारण की योजना संबंधित विशेषज्ञों की निगरानी में बनाना जरूरी है।

अल्कोहल, स्मोकिंग और मोटापे पर ध्यान देना जरूरी- इंदौर के कंसल्टेंट मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. प्रांजिल मंडलोई के अनुसार, ब्रेस्ट कैंसर के जोखिम को समझने में जीवनशैली की अहम भूमिका है।

अल्कोहल का सेवन, स्मोकिंग, मोटापा और शारीरिक गतिविधियों की कमी जैसे कारकों पर ध्यान देना जरूरी है।

नियमित व्यायाम करने वाली महिलाओं में निष्क्रिय महिलाओं की तुलना में ब्रेस्ट कैंसर का जोखिम लगभग 8 से 12 प्रतिशत तक कम पाया गया है। शारीरिक गतिविधि वजन नियंत्रित रखने और हार्मोनल व मेटाबॉलिक स्वास्थ्य बेहतर बनाए रखने में भी मदद करती है।

40 साल के बाद स्क्रीनिंग पर डॉक्टर से करें चर्चा- डॉ. मंडलोई के अनुसार, सामान्य जोखिम वाली महिलाओं को 40 वर्ष की उम्र के बाद मैमोग्राफी स्क्रीनिंग शुरू करने के बारे में डॉक्टर से चर्चा करनी चाहिए।

जांच की उम्र और अंतराल व्यक्तिगत जोखिम और लागू दिशा-निर्देशों के अनुसार तय किए जा सकते हैं। जिन महिलाओं के परिवार में ब्रेस्ट कैंसर का इतिहास है, उन्हें विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मां, बहन, नानी, मौसी या परिवार के अन्य सदस्यों में कैंसर का इतिहास होने पर डॉक्टर आनुवंशिक जांच की सलाह दे सकते हैं।

ब्रेस्ट कैंसर के कुछ मामले बीआरसीए1 और बीआरसीए2 जैसे जीन में बदलाव से जुड़े होते हैं। जीन टेस्ट के लिए ब्लड सैंपल का इस्तेमाल किया जा सकता है। यदि आनुवंशिक बदलाव की पुष्टि होती है, तो परिवार के अन्य सदस्यों के जोखिम का आकलन कर उनकी जांच की योजना बनाई जा सकती है। हाई रिस्क महिलाओं में स्क्रीनिंग सामान्य जोखिम वाली महिलाओं की तुलना में कम उम्र से शुरू हो सकती है। कुछ मामलों में 25 साल की उम्र से टफक स्क्रीनिंग की सलाह दी जाती है। यह निर्णय परिवार के इतिहास और विशेषज्ञ की सलाह के आधार पर लिया जाता है।

अब हर मरीज को कीमोथेरेपी की जरूरत नहीं- ब्रेस्ट कैंसर के इलाज में भी बदलाव आए हैं। अब उपचार केवल कीमोथेरेपी तक सीमित नहीं है। कैंसर के प्रकार, ट्यूमर की बायोलॉजी और बीमारी की स्थिति के आधार पर हॉर्मोन थेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी और एंटीबॉडी ड्रग कॉन्जुगेट जैसी दवाओं का इस्तेमाल किया जा सकता है। डॉ. मंडलोई के अनुसार, लूफ पॉजिटिव ब्रेस्ट कैंसर में ट्यूमर की बायोलॉजी, लिम्फ नोड की स्थिति और जरूरत पड़ने पर जीनोमिक टेस्ट के आधार पर यह आकलन किया जा सकता है कि मरीज को कीमोथेरेपी से कितना लाभ मिल सकता है।

खबर एक नजर...

विधवा की हत्या...:आरोपी बोले- नीची जाति की होकर हमारे अंकल से संबंध रखती हो

पिपलौदा (जावरा)। एक विधवा महिला जो कि चार बच्चों की मां भी है। उससे प्रेम-प्रसंग अविवाहित प्रेमी के परिवार को रास नहीं आया। उन्होंने आपत्ति ली लेकिन वे नहीं माने तो प्रेमी के भतीजे, बहू और रिश्तेदार ने मिलकर लाठी-डंडों से विधवा महिला को इतना पीटा की उसकी मौत हो गई। पास खड़े प्रेमी ने भी परिवार को देखकर मारपीट में सहयोग किया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि महिला दूसरी जाति की थी। यही जातिगत भेदभाव हत्याकांड का प्रमुख कारण बना है। पुलिस के मुताबिक रतलाम के पास रहने वाली 45 वर्षीय महिला और पिपलौदा जाट मोहल्ला निवासी भरतलाल जाट के बीच 10-15 सालों से प्रेम-प्रसंग था। महिला के पति का बहुत पहले निधन हो चुका है। उसकी 3 बेटियां व एक बेटा है जिनकी शादी हो चुकी है। विधवा ?महिला अकेली रहती थी। वह शुक्रवार शाम पिपलौदा के सैलाना रोड क्षेत्र में प्रेमी भरत जाट से मिल रही थी। तभी वहां भरत का भतीजा राहुल जाट, उसकी पत्नी सीमा और रिश्तेदार बलराम जाट निवासी पिपलौदा भी आ गए। बाद में मारपीट शुरू कर दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

धान पंजीयन में 626 किसान बढ़े, रकबा 6375 हेक्टेयर घटा

उमरिया। उमरिया जिले में धान उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन की समय-सीमा समाप्त हो गई है। इस बार पिछले साल की तुलना में 626 अधिक किसानों ने पंजीयन कराया है, लेकिन धान का पंजीकृत रकबा 6,374.57 हेक्टेयर कम हो गया है। किसानों की संख्या बढ़ने और रकबा घटने के आंकड़े चर्चा का विषय बने हुए हैं। पिछले वर्ष जिले में 27,946 किसानों ने 49,928.24 हेक्टेयर रकबे में धान उपार्जन के लिए पंजीयन कराया था। इस वर्ष 28,572 किसानों ने 43,553.67 हेक्टेयर रकबे के लिए पंजीयन कराया है। इस तरह किसानों की संख्या में वृद्धि हुई है, जबकि पंजीकृत रकबे में गिरावट दर्ज की गई है।

बैरागढ़ हत्याकांडःभोपाल-इंदौर हाईवे 3 घंटे बंद रहा, थाने में घुसने की कोशिश

भोपाल। बैरागढ़ में 13 साल की बच्ची की हत्या के विरोध में शनिवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। हिंदू संगठनों और स्थानीय लोगों ने बैरागढ़ थाने का घेराव कर आरोपी को उनके हवाले करने और फांसी देने की मांग की। भीड़ ने थाने में घुसने और मुख्य गेट तोड़ने की कोशिश की। हालात पर काबू पाने अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने भोपाल-इंदौर हाईवे पर चक्काजाम कर दिया, जिससे दो किमी तक वाहनों की कतार लगी। 3 घंटे जाम के हालात रहे। समझाइश के बाद परिजन बच्ची का शव अंतिम संस्कार के लिए ले गए। थाने से 150 मीटर दूर एक खंडहर में शुक्रवार को बच्ची का निर्वस्त्र शव मिला था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी मोइन (24) नशे का आदी है। वह कपड़े पर व्हाइटनर डालकर सूंघता था। इसी कपड़े से उसने बच्ची का मुंह दबाया था। शॉर्ट पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में गला घोंटने और यौन उत्पीड़न की कोशिश के संकेत मिले हैं। डीसीपी आदर्शकांत शुक्ला ने बताया कि शॉर्ट पीएम में यौन उत्पीड़न की कोशिश के साक्ष्य मिले हैं। विस्तृत पीएम रिपोर्ट के बाद धाराएं बढ़ेंगी। हत्या, साक्ष्य मिटाने और अपहरण का केस दर्ज किया गया है।

12 लाख कर्मचारी-पेंशनरों को 10 माह बाद भी डीए नहीं

भोपाल। दीपावली के मौके पर जहां केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों को समय पर महंगाई भत्ता देने के साथ रेलवे, डाकघर और अन्य विभागों में बोनस बांटने की तैयारी में जुटी है, वहीं मप्र के 12 लाख कर्मचारी व पेंशनर 10 महीने से महंगाई भत्ते (डीए) व महंगाई राहत (डीआर) के इंतजार में बैठे हैं। जनवरी 2026 से अक्टूबर 2026 तक के 10 महीनों में डीए न मिलने से कर्मचारियों को संवर्ग वार 3100 रुपए से लेकर 28,200 रुपए तक का आर्थिक नुकसान हो चुका है। राज्य के कर्मचारी केंद्र से सीधे 2% महंगाई भत्ते में पीछे चल रहे हैं। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों को हर महीने 1,834 करोड़ की राशि दी जा रही है। वहीं 7.50 लाख कर्मचारियों और 4.50 लाख पेंशनरों को 2% भत्ता व 10 महीने का एरियर देने पर सरकार का कुल खर्च मात्र 700 करोड़ रुपए ही आएगा। फिर भी सरकार आदेश जारी नहीं कर रही है। संगठनों का आरोप है कि बीते 10 महीनों में सरकार 700 करोड़ बचा चुकी है। संबंधित विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सरकार दिवाली से पहले डीए दे सकती है।

पेंच टाइगर रिजर्व से लगे गुमतरा में बाघ का हमला

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा के पेंच टाइगर रिजर्व से लगे छिंदवाड़ा जिले के बिछुआ ब्लॉक के ग्राम गुमतरा में शनिवार को बाघ के हमले में 47 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान विजय उइके पिता फूलसिंग उइके, निवासी गुमतरा के रूप में हुई है। घटना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार, विजय उइके शनिवार को पेंच टाइगर रिजर्व के बफर जोन के जंगल में वनोपज संग्रह करने गया था। सूत्रों के मुताबिक, वह छींद के फर्रे लेने के लिए जंगल पहुंचा था। इसी दौरान अचानक बाघ ने उस पर हमला कर दिया।

उमरिया से शहडोल पहुंचा 30 हाथियों का झुंड

धान की फसलें रौंदी, लोगों की झोपड़ियां तोड़ी दी





ब्रह्मास्त्र ▸▸ शहडोल

शाहडोल जिले में बांधवगढ़ के जंगलों से निकलकर करीब 30 जंगली हाथियों का एक नया झुंड 16 अक्टूबर की आ गया है। हाथियों के आने से गोदावल वन क्षेत्र के बेड़रा, कोठिया, घोरषा और आसपास के गांवों में दहशत का माहौल बन गया है।

हाथियों ने शनिवार सुबह से शाम तक खेतों में खड़ी धान की फसल को बुरी तरह रौंद दिया है और ग्रामीणों की दो झोपड़ियां भी तोड़ डाली हैं। खास बात यह है कि इस झुंड में कई नन्हे हाथी भी शामिल हैं। यह घटना ऐसे वक्त में सामने आई है, जब हाल ही में देवलोंद इलाके में करंट लगने से एक हाथी की जान चली गई थी। जानकारी के मुताबिक हाथियों का यह झुंड शुक्रवार रात के वक्त जिले की सीमा में दाखिल हुआ था। तब से ये हाथी गोदावल वन परिक्षेत्र के आसपास के जंगलों और गांवों में डेरा जमाए हुए हैं। हाथियों ने तेंदुआढ गांव के पहाड़ टोला में रहने वाले राहुल कोल और विनोद पटेल के घरों पर भी धावा बोलकर नुकसान पहुंचाया।

घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम पर मौके पर देरी से पहुंचने का आरोप लगाया और नाराजगी जताई। वहीं दूसरी तरफ डीएफओ तरुणा वर्मा का कहना है कि हाथियों की पल-पल की मूवमेंट पर नजर रखने के लिए वन विभाग की कई टीमों को तैनात कर दिया गया है। इसके साथ ही आसपास के सभी गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क रहने और जंगलों की तरफ न जाने की सलाह दी जा रही है।

युवक-बुजुर्ग महिला ने जीभ काटकर चढ़ाई, अब हालत सामान्य, महिला बोली-मन्नत मांगी थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सीधी/भिंड

नवरात्रि में अनोखे तरीके से माता की भक्ति करते भक्त देखे जा सकते हैं। किसी ने माता को जीभ काटकर चढ़ा दी, तो किसी ने शरीर पर ही जवारे उगा लिए। दैनिक भास्कर ने ऐसे ही युवक और बुजुर्ग महिला से बात की। उनका दावा है कि अब स्थिति सामान्य है। बात करने में भी दिक्कत नहीं होती। हालांकि मेडिकल साइंस इससे इत्तेफाक नहीं रखता। मनोरोग विशेषज्ञ सत्यकांत त्रिवेदी इसे सिर्फ आस्था मानते हैं, लेकिन जीभ सामान्य होने की बात को वो भी नकारते हैं। सेमरिया क्षेत्र के रामगढ़ पंचायत की कोलान बस्ती में पिछले साल यानी 2025 में शारदीय नवरात्रि में दुर्गा पूजा पंडला लगा था। इसी पंडाल में पंचमी के दिन कल्लूबाई (80) ने अपनी ब्लेड से जीभ काटकर माता को अर्पित कर दी थी। कल्लूबाई अब सामान्य लोगों की तरह बात करती हैं। वह बताती हैं कि नवरात्रि में उपवास रखा था। उसी दौरान 16 साल के नाती को तेज बुखार था। वह स्कूल नहीं जा पाता था। गांव में डॉक्टर को दिखाया। दाहिने पैर ने काम करना बंद कर दिया। वह रोने लगा। पैर जमीन पर नहीं रख पा रहा था। उसे जिला अस्पताल में दिखाया, वहां से जबलपुर रेफर कर दिया। पैर में सूजन आ गई। मैं उसे गोद में उठाकर ले जाया करती थी। लोगों ने दिल्ली मुंबई ले जाने की भी सलाह दी। हालांकि दिन में तो ठीक रहता, लेकिन रात में तेज दर्द होने लगता। उसका दर्द देखा नहीं जा रहा था। कुछ दिन बाद एक पैर से चलना शुरू कर दिया, लेकिन फिर भी गिर जाता था।


ग्वालियर-चंबल में बारिश, दिन का तापमान भी लुढ़का

मध्यप्रदेश में 72 घंटे से तेज आंधी के साथ गिर रहा पानी; आज 15 जिलों में अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में पिछले 3 दिन यानी, 72 घंटे से आंधी-बारिश हो रही है। ग्वालियर-चंबल संभाग के जिलों में भी पानी गिर रहा है। इसके साथ दिन के तापमान में 2.8 डिग्री तक की गिरावट हुई है।

मौसम केंद्र भोपाल ने रविवार को 15 जिलों में बरसात का अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटे में नीमच, मंदसौर, श्योपुर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, सिवनी और बालाघाट बारिश हो सकती है। पश्चिमी और उत्तरी हिस्से में साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात) का असर है। इस वजह से इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और जबलपुर संभाग के जिलों में मौसम बदला हुआ है। शुक्रवार-शनिवार को इन्हीं संभाग के शहरों में बारिश रिकॉर्ड की गई। बड़वानी के सेंधवा, सीहोर और पीथमपुर में बारिश हुई। रीवा, सागर संभाग में भी बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार, 20 अक्टूबर के बाद से रात में ठंडक बढ़ सकती है। अगले दो दिन यानी, 18 और 19 अक्टूबर को कुछ जिलों में आंधी-बारिश होगी। इसके बाद कहीं भी अलर्ट नहीं है।



जानिए, किस हिस्से में क्या स्थिति- प्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में आंकड़ा चार प्रतिशत ज्यादा है। अधिकांश जिलों में कोटे से ज्यादा पानी गिर चुका है, लेकिन बालाघाट, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, रीवा, सागर, सिवनी में 5 प्रतिशत से 21 प्रतिशत तक कम बारिश हुई है। वहीं, पश्चिमी हिस्से के आलीराजपुर, अशोकनगर, बड़वानी, बैतूल, देवास, धार, हरदा, इंदौर, झाबुआ, खंडवा, मंदसौर, मुरैना, नर्मदापुरम, नीमच, रायसेन, रतलाम, सीहोर, शाजापुर, उज्जैन और विदिशा में औसत से 9 प्रतिशत से 51 प्रतिशत कम पानी गिरा है।

इन 25 जिलों में कोटा फुल- भोपाल, राजगढ़, बुरहानपुर, खरगोन, कटनी, मंडला, डिंडौरी, ग्वालियर, गुना, दतिया, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर, आगर-मालवा, भिंड, श्योपुर, सिंगरौली, सीधी, सतना, मऊगंज, शहडोल, उमरिया और अनूपपुर। बाकी 30 जिलों में कम बारिश हुई।

प्रदेश से लौटा मानसून, बारिश जारी

इस बार प्रदेश से 3 अक्टूबर को ही मानसून लौट चुका है, लेकिन सिस्टम एक्टिव होने से बारिश का दौर फिर से शुरू हुआ। पिछले एक सप्ताह से पूर्वी और पश्चिमी हिस्से के जिलों में आंधी-बारिश का असर देखा गया। पिछले 3 दिन से कई जिलों में तेज बारिश भी हुई। रविवार को भी अलर्ट है। मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि पिछले 10 साल के आंकड़ों पर नजर दौड़ाए तो अक्टूबर में बारिश, गर्मी और ठंड का ट्रेंड है। इस बार भी ऐसा ही हो रहा है। अक्टूबर की शुरूआत में ही मौसम साफ हो गया और धूप खिल गई।

ट्रांसपोर्ट नगर में मिलावटी घी के संदेह में कारखाने पर छापा

त्योहार से पहले खाद्य विभाग का बड़ा एक्शन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

दीपावली से पहले ग्वालियर में मिलावटखोरों पर कार्रवाई तेज हो गई है। शनिवार देर रात पुलिस और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक घी कारखाने पर छापा मारा।

यहां कढ़ाइयों में बड़ी मात्रा में घी तैयार होता मिला। मौके पर मधु लाइट ब्रांड के नाम से छपे डिब्बे भी मिले, जिनमें घी भरकर बाजार में सप्लाई किया जाना था।

मिलावटी घी तैयार किए जाने की आशंका के चलते खाद्य विभाग ने सैंपल लेकर कारखाने को सील कर दिया। अब लैब रिपोर्ट आने के बाद ही घी की गुणवत्ता और उसमें मिलावट की स्थिति स्पष्ट होगी। क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि ट्रांसपोर्ट नगर में अवैध रूप से नकली या मिलावटी घी तैयार किया जा रहा है। इसके बाद सीएसपी नागेंद्र सिंह सिकरवार, सीएसपी कृष्ण पाल सिंह और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने कारखाने पर दबिश दी।

भिंड में दो घटनाओं में बुजुर्ग और युवक की मौत

कैंटर की टक्कर से व्यक्ति की जान गई, 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भिंड

भिंड जिले के फूप क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में एक बुजुर्ग और एक युवक की मौत हो गई। शनिवार को फूप तिराहे पर कैंटर की टक्कर से 69 वर्षीय सतीश चंद्र जैन की मौत हो गई। वहीं, गजना गांव में शुक्रवार रात 22 वर्षीय योगेंद्र बघेल ने घर के कमरे में फांसी लगा ली। दोनों मामलों में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। युवक की मौत के मामले में पुलिस जांच कर रही है।

फूप निवासी 69 वर्षीय सतीश चंद्र जैन शनिवार को फूप तिराहे से सब्जी खरीदकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान भिंड की ओर से जा रहे कैंटर ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोग उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।



गजना गांव में युवक की मौत

फूप क्षेत्र के गजना गांव निवासी 22 वर्षीय योगेंद्र बघेल पुत्र रामवीर बघेल ने शुक्रवार रात घर के कमरे में फांसी लगा ली। शनिवार सुबह परिवार के लोगों ने उसे फंदे पर लटका देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस की मदद से युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल युवक की मौत के कारण स्पष्ट नहीं हैं। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और घटना से जुड़ी परिस्थितियों की जांच कर रही है।

शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, बच्चों के जन्म के बाद किया इनकार; धर्म परिवर्तन का भी आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

मंदसौर में एक महिला ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। महिला ने आरोपी पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का भी आरोप लगाया है। कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि महिला ने शिकायत में कहा है कि आरोपी उसके पति का दोस्त था। घर आता-जाता था। इसी दौरान दोनों के बीच करीबी बढ़ी। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाए। उसके दो बच्चे हैं। दोनों बच्चों के जन्म के बाद आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसका मेडिकल परीक्षण कराया है। उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। दोनों बच्चों का डीएनए टेस्ट कराने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। मामले में महिला की ओर से लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है। आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि और डीएनए जांच के नतीजे सामने आने के बाद ही संबंधित तथ्यों पर स्पष्टता आएगी।



लुकवासा मंडी में उपज से भरी ट्रालियों का मेला, 2600 रुपए तक मिल रहे दाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शिवपुरी

जिले की कोलारस, बदरवास और लुकवासा उपमंडी में इन दिनों मक्के की बंपर आवक से दीपावली की खुशियां दोगुनी हो गई हैं। कम लागत में बेहतर मुनाफे और हाइब्रिड बीज के कारण इस साल तय लक्ष्य से 31% कम बोवनी के बावजूद मक्का का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है।

मंडी में उमड़ रही किसानों की भीड़ बता रही है कि इस बार अन्नदाताओं की दिवाली मक्के के सुनहरे दानों से रोशन होने वाली है। सोयाबीन की जगह मक्के का राजः कभी 'पीले सोने' के रूप में सोयाबीन के लिए जाने जाने वाले इस इलाके में मक्के का रकबा 17 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 90 हजार हेक्टेयर के पार पहुंच चुका है।

अकेले लुकवासा, बदरवास और कोलारस मंडियों में हर दिन 2 हजार से अधिक ट्रॉलियों की डाक लग रही है। मंडी परिसर फुल होने के कारण फोरलेन हाईवे के किनारे ट्रॉलियों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। बाजार में रौनक, किसानों के चेहरे खिलेः मंडी में मक्का 1,800 से 2,600 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिक रहा है।

कोर ग्रुप की बैठक में मास्टर प्लान ड्राफ्ट का विरोध, आलोक ने परिसीमन की खामी बताई

ध्रुवनारायण बोले-मास्टर प्लान से जनता और व्यापारियों में नाराजगी

बीजेपी भोपाल, रायसेन कोर ग्रुप की बैठक प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने ली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

बीजेपी के प्रदेश संगठन महामंत्री की बैठक में बीजेपी नेताओं ने भोपाल के मास्टर प्लान के ड्राफ्ट का विरोध किया है। साथ ही विधानसभा सीटों के परिसीमन को लेकर भाजपा नेताओं ने पार्टी की कोर ग्रुप बैठक में अपनी राय रखी है।

प्रदेश भाजपा कार्यालय में शनिवार को भोपाल जिले की बैठक में मध्य विधानसभा के पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह ने मास्टर प्लान के ड्राफ्ट पर नाराजगी जताते हुए इसे पूरी तरह रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ड्राफ्ट की वजह से भोपाल के लोगों और व्यापारियों में खासी नाराजगी है। इसलिए पूरे ड्राफ्ट को ही कैंसिल किया जाना चाहिए।

बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर के सामने भोपाल के नेताओं ने आगामी परिसीमन को लेकर भी चर्चा की। सांसद आलोक शर्मा ने पिछले परिसीमन में खामियां बताते हुए कहा कि इसकी वजह से भोपाल की दो विधानसभा सीटें कांग्रेस के खाते में चली गईं। इस बार परिसीमन में विशेष सावधानी बरतनी होगी। बैठक में मौजूद नेताओं ने इस मुद्दे पर अपनी-अपनी राय रखी।



परिसीमन को लेकर चर्चा के दौरान पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह ने सुझाव दिया कि मुस्लिम बहुल इलाकों को एक विधानसभा क्षेत्र में शामिल किया जाना चाहिए। साथ ही अनुसूचित जाति की बहुलता वाले क्षेत्रों को भी उसमें जोड़ा जाए, ताकि वह विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो सके। उनके मुताबिक, इससे परिसीमन से जुड़ा समाधान निकल सकता है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में प्रयास करते समय तकनीकी और विधिसम्मत पहलुओं का ध्यान रखा जाना चाहिए। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने भोपाल और रायसेन जिले की कोर ग्रुप एवं जिला बैठकों को संबोधित करते हुए संगठन की सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की व्यापकता और जनविश्वास बढ़ाने के लिए हर स्तर पर सक्रियता जरूरी है। नियमित संगठनात्मक प्रवास, प्रभावी जनसंपर्क और समन्वित कार्यशैली से पार्टी की ताकत बढ़ेगी। उन्होंने कार्यकताओं से जनता की समस्याओं को समझकर सेवा कार्यों के जरिए विश्वास अर्जित करने की अपील की। भाजपा की शक्ति उसके समर्पित कार्यकताओं में निहित है। संगठन का विस्तार केवल औपचारिक गतिविधियों से नहीं, बल्कि जनता के बीच निरंतर उपस्थिति, आपसी तालमेल और सेवा के प्रति प्रतिबद्धता से संभव है।

बूथ स्तर पर सक्रियता और नियमित समीक्षा के निर्देश

चंद्रशेखर ने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकताओं की सक्रियता बढ़ाने के साथ समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद स्थापित करना संगठन की प्राथमिकता होनी चाहिए। जनता के बीच निरंतर संपर्क से उनकी अपेक्षाओं और समस्याओं को समझने में मदद मिलती है।

बड़नगर को मिलेगी 22 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को उज्जैन आएंगे। वे बड़नगर के गजनीखेड़ी में गजनीखेड़ी माता मंदिर में दर्शन करने के बाद आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां बड़नगर को 22 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री ऑडिटोरियम और स्विमिंग पूल सहित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। इसके बाद शाम को उज्जैन पहुंचकर अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। विधायक जितेंद्र पंड्या के अनुसार, मुख्यमंत्री दोपहर करीब 1 बजे बड़नगर पहुंचेंगे। माता के दर्शन के बाद गजनीखेड़ी माता मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां 7 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के ऑडिटोरियम और स्विमिंग पूल से जुड़े कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया जाएगा। इसके साथ ही उप स्वास्थ्य केंद्र और विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्यों का भी भूमिपूजन होगा। इन कार्यों के माध्यम से बड़नगर को कुल 22 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात मिलेगी।

इमरान खान की कमबैक फिल्म पर बुरा असर

भारतीय नागरिकता न होने के बावजूद प्रोटेस्ट में शामिल होने पर लीव इंडिया नोटिस जारी

भारतीय नागरिकता न होने के बावजूद प्रोटेस्ट में शामिल होने पर मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड एक्टर इमरान खान को लीव इंडिया नोटिस जारी किया है। उन्हें 28 अक्टूबर तक भारत छोड़ने को कहा गया है। इमरान खान, बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के भांजे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनके पास अमेरिकी पासपोर्ट है। इस नोटिस के खिलाफ इमरान खान बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंचे हैं, उनके वकील का कहना है कि वह प्रोटेस्ट का हिस्सा नहीं थे। इस विवाद के बीच अब एक्टर की अपकमिंग फिल्म अधूरे हम अधूरे तुम मुश्किलों में फंसती नजर आ रही है।

मिड-डे की रिपोर्ट में फिल्म से जुड़े करीबी सूत्र के अनुसार बताया गया है कि इमरान खान की कमबैक फिल्म अकेले हम अकेले तुम को दिसंबर में नेटफ्लिक्स में रिलीज किया जाने वाला था। इमरान खान दीवाली के बाद इस फिल्म का प्रमोशन शुरू करने वाले थे, लेकिन अब स्थिति साफ नहीं है कि इमरान भारत में रहेंगे या नहीं। अब तक फिल्म की आधिकारिक रिलीज डेट सामने नहीं आई है, ऐसे में फिल्म पोस्टपोन करना ही सबसे बेहतर विकल्प होगा। आगे बताया गया है कि टीम स्थिति साफ होने तक प्रमोशनल कैंपेन शुरू नहीं करना चाहती है।

इमरान खान आखिरी बार साल 2015 की फिल्म कट्टी बट्टी में कंगना रनोट के साथ नजर आए थे। इस फिल्म के 11 साल बाद अब इमरान खान फिल्म अधूरे हम अधूरे तुम से कमबैक कर रहे हैं, जिसमें उनके साथ भूमि पेडनेकर लीड रोल में होने वाली हैं।

आंध्र प्रदेश इखढ प्रवक्ता शेख बाजी ने अठकसे बातचीत में इमरान खान को जारी नोटिस पर कहा, ह्लइमरान खान आमिर खान के भांजे हैं। उन्होंने कुछ फिल्मों में काम किया है। लेकिन यहां उनकी भागीदारी ऐसे एजेंडे से जुड़ी है, जो देश के हितों के खिलाफ है। हमें सतर्क रहना चाहिए और ऐसे घटनाक्रम पर कड़ी नजर रखनी चाहिए। इससे देश और हमारे परिवारों की सुरक्षा की जा सकेगी।ह्व

इमरान खान, आमिर खान की बहन नुजहत के बेटे हैं। उनका जन्म अमेरिका के विस्कॉन्सिन में हुआ। जन्म से ही इमरान खान के पास अमेरिकी नागरिकता और अमेरिकी पासपोर्ट है। इमरान ओवरसीज सिटीजनशिप ऑफ इंडिया (डउक) कार्ड की मदद से भारत में काम करते और रहते हैं। इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट, 2025 के तहत अगर किसी शख्स के पास भारतीय नागरिकता नहीं है, तो वह देश से जुड़े किसी प्रदर्शन में शामिल नहीं हो सकता। इमरान ने नियम का उल्लंघन किया है, जिसके चलते उनके खिलाफ कार्रवाई हुई है। मुंबई पुलिस ने इमरान खान के खिलाफ दर्ज एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 (आदेश न मानना), 126(2) (गलत तरीके से रोकना), 189(2) (गैर-कानूनी जमावड़ा), 189(3) और 189(5) लगाई गई हैं।

बंगला टूटने की खबरों के बीच दुर्गा पंडाल पहुंचीं काजोल

अजय देवगन और काजोल के जुहू स्थित बंगले के एक हिस्से में इटउ की कार्रवाई की खबरों के बीच काजोल परिवार के साथ मुंबई के नॉर्थ बॉम्बे सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचीं। उनके साथ मां तनुजा, बहन तनिषा मुखर्जी, चचेरे भाई अयान मुखर्जी, बेटे युग देवगन और बेटी न्यासा देवगन भी नजर आए। जया बच्चन, श्वेता बच्चन और सुमोना चक्रवर्ती ने भी पंडाल पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन किए।

परिवार के साथ दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचीं काजोल

काजोल हर साल दुर्गा पूजा के दौरान मुंबई के नॉर्थ बॉम्बे सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल में नजर आती हैं। इस बार भी वह परिवार के साथ मां दुर्गा का आशीर्वाद लेने पहुंचीं। मां तनुजा और बहन तनिषा मुखर्जी भी उनके साथ मौजूद रहीं। चचेरे भाई अयान मुखर्जी, बेटे युग और बेटी न्यासा देवगन ने भी पूजा में हिस्सा लिया।

पंडाल में काजोल परिवार के साथ नजर आईं। एक ही जगह परिवार के कई सदस्यों की मौजूदगी ने लोगों का ध्यान खींचा। काजोल लंबे समय से दुर्गा पूजा उत्सव से जुड़ी रही हैं और इस दौरान परिवार भी अक्सर उनके साथ दिखाई देता है।

जया बच्चन, श्वेता बच्चन और सुमोना चक्रवर्ती भी पहुंचीं

इस बार नॉर्थ बॉम्बे सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल में बच्चन परिवार से जया बच्चन और श्वेता बच्चन पहुंचीं। सुमोना चक्रवर्ती समेत मनोरंजन जगत की कई हस्तियों ने भी मां दुर्गा के दर्शन किए। मुंबई के इस दुर्गा पूजा उत्सव में हर साल फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारे शामिल होते हैं। इस बार भी फिल्मी हस्तियों की मौजूदगी से पूजा पंडाल चर्चा में रहा। काजोल की दुर्गा पूजा में मौजूदगी ऐसे समय में सामने आई है, जब अजय देवगन के जुहू स्थित बंगले के एक हिस्से





में इटउ की तोड़फोड़ की खबरें चर्चा में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ब्रूह्न्मुंबई महानगरपालिका ने बंगले के कथित अनधिकृत निर्माण के कुछ हिस्सों पर कार्रवाई की है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, बंगले में आंतरिक बदलाव, पार्टिशन वॉल बनाने और खिड़कियों में बदलाव को लेकर अनधिकृत निर्माण की शिकायतें थीं। इसी मामले में इटउ ने 10 सितंबर 2026 को मुंबई महानगरपालिका अधिनियम की धारा 354अ के तहत नोटिस जारी किया था। इसमें निर्माण कार्य रोकने और संबंधित दस्तावेज व अनुमतियां पेश करने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि, अजय देवगन की ढफ टीम के प्रतिनिधि पराग देसाई ने कार्रवाई से जुड़ी खबरों को गलत बताया है। उनका कहना है कि अजय देवगन के बंगले में इटउ की टीम नहीं आई। ये खबरें पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। जिस प्रॉपर्टी को लेकर खबरें आ रही हैं, वह अजय की है और उनके घर से थोड़ी ही दूर है। अजय ने उसे किराए पर दिया हुआ है। संभव है कि बीएमसी को उस प्रॉपर्टी में कुछ अनियमितताएं मिली हों, जिसके चलते कार्रवाई हुई हो।

प्रकाश राज बोले- सरकार बदलेंगे, लेकिन लोकतांत्रिक तरीके से

कहा- हम बांग्लादेश या नेपाल नहीं हैं, तिरंगा मार्च से पहले हिरासत पर उठाए सवाल



प्रकाश राज ने कहा- सत्ता परिवर्तन की मांग हिंसा या अराजकता नहीं

अभिनेता प्रकाश राज ने केंद्र सरकार में बदलाव की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि भारत में सत्ता परिवर्तन चुनाव और संवैधानिक तरीकों से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के पास संविधान, मतदान का अधिकार और शांतिपूर्ण विरोध की ताकत है। उन्होंने 2029 के लोकसभा चुनाव तक लोकतांत्रिक लड़ाई जारी रखने की बात कही। तिरंगा मार्च से पहले प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेने और उनकी आवाज दबाने के आरोपों पर भी सवाल उठाए।

प्रकाश राज बोले- भारत बांग्लादेश-नेपाल नहीं, सत्ता परिवर्तन लोकतंत्र से होगा अभिनेता प्रकाश राज अपने राजनीतिक बयान को लेकर फिर चर्चा में हैं। उन्होंने सरकार बदलने की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि भारत में सत्ता परिवर्तन लोकतांत्रिक तरीके से होना चाहिए। इंडिया टुडे से बातचीत में उन्होंने बांग्लादेश और नेपाल का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत उन देशों जैसा नहीं है। यहां डॉ. भीमराव आंबेडकर, महात्मा गांधी और भगत सिंह की विरासत के साथ संविधान और मतदान का अधिकार मौजूद है।

प्रकाश राज ने कहा कि सरकार बदलने की लड़ाई लोकतांत्रिक तरीके से लड़ी जाएगी। उनके मुताबिक, राजनीतिक बदलाव के लिए चुनाव और संवैधानिक अधिकारों का इस्तेमाल होना चाहिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश के चुनावों से 2029 के लोकसभा चुनाव तक यह लड़ाई जारी रखने की बात कही।

प्रकाश राज ने कहा कि भारत में लोगों को वोट देने और विरोध करने का अधिकार है। उन्होंने जोर दिया कि सत्ता परिवर्तन की मांग को हिंसा या अराजकता से जोड़कर नहीं देखना चाहिए। उनके मुताबिक, नागरिक संविधान के दायरे में रहकर सरकार से सवाल पूछ सकते हैं और चुनाव के जरिए बदलाव ला सकते हैं।

उनका बयान ऐसे समय आया है, जब सरकार बदलने की मांग और बांग्लादेश-नेपाल के उदाहरणों को लेकर राजनीतिक बहस तेज है। भाजपा ने विपक्ष के कुछ बयानों पर सवाल उठाए हैं, जबकि प्रदर्शनकारी इसे लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़ा मुद्दा बता रहे हैं।

प्रकाश राज ने दिल्ली में प्रस्तावित तिरंगा मार्च से पहले कॉकरोच जनता पार्टी (उखढ) के संस्थापक अभिजीत दीपके को हिरासत में लेने पर सवाल उठाए। यह प्रदर्शन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ होना था। प्रदर्शन से जुड़े लोगों ने मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन में कथित अनियमितताओं पर सवाल उठाए हैं और मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की है। प्रकाश राज ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को रोकने और हिरासत में लेने पर सवाल उठाए।

काव्या मारन की शादी नवंबर में:जानिए कौन हैं



इंडियन प्रीमियर लीग की टीम सनराइजर्स हैदराबाद टीम की मालकिन काव्या मारन जल्द ही सिंगर और कोल्हावेरी डी गाने के कंपोजर अनिरुद्ध रविचंदर से शादी करने वाली हैं। काव्या के पिता और सन ग्रुप के चेयरमैन कलानिधि मारन और पत्नी श्रीमती कावेरी मारन ने हाल ही में तेलंगाना के मुख्यमंत्री श्री ए. रेवंत रेड्डी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें रिसेप्शन का न्योता दिया है। काव्या और अनिरुद्ध का रिसेप्शन 21 नवंबर को चेन्नई में होगा। हालांकि शादी की डेट और अन्य सेरेमनी की डीटेल अब तक सामने नहीं आई हैं। रिपोर्ट के अनुसार दोनों ग्रीस में डेस्टिनेशन वेडिंग करेंगे।

काव्या और अनिरुद्ध की शादी की खबरें जून 2025 से चर्चा में हैं। कोलावेरी डी गाने से पॉपुलर हुए सिंगर-कंपोजर अनिरुद्ध रविचंदर रजनीकांत के भतीजे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, रजनीकांत ही अनिरुद्ध का रिश्ता लेकर सन ग्रुप के चेयरमैन के घर गए थे।


16 अक्टूबर 1990 को चेन्नई में जन्मे अनिरुद्ध साउथ एक्टर रवि राघवेंद्र और क्लासिकल डांसर लक्ष्मी के बेटे हैं। एक्टर रवि राघवेंद्र की बहन लता की शादी रजनीकांत से हुई थी। ऐसे में रजनीकांत अनिरुद्ध के फूफा लगते हैं।

सौंदर्य रजनीकांत और ऐश्वर्या रजनीकांत, अनिरुद्ध की फुफेरी बहनें लगती हैं।

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



रंग भरकर चित्र बनाओ





जोक्स

मास्टर जी: सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
छात्र: किताब में
मास्टर जी: कैसे?
छात्र: क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है

टीचर: कौन सी जाति के लोग अच्छे नागरिक होते हैं ?
छात्र: बनिए !
टीचर: वो कैसे ?
छात्र: क्योंकि सर हर जगह लिखा होता है देश के अच्छे नागरिक बनिए।

वर्ग पहेली





बाएं से दाएं

1. सरस्वती-3
3. किनारा, तट-3
5. मूल्य, कीमत-2
6. उस समय-2
8. प्रबंध, व्यवस्था-4
10. नमक-3
11. अधीन, मातहत-3
12. संज्ञा, संबोधन-2
13. मार्ग, रास्ता-2
14. तीर्थ, धार्मिक यात्रा-3
16. धुन, आसक्ति-3
18. जमानत-4
20. रहस्य-2
22. पुत्र तनय-2
23. मुलायम-3
24. गंवार, अनपढ़-3

ऊपर से नीचे

1. संध्या, सांझ-2
2. असुर, दैत्य-3
3. शौरब, रसा-3
4. बुरी आदत-2
5. प्रवेश, एडमिट-3
7. वर यात्रा, दूल्हे का जुलूस-3
8. प्रियतम, साजन-4
9. अनाज-2
11. सनसनी, रोमांच-4
14. तृतीय-3
15. सच्चाई, सत्य-2
17. जिसकी नाक कटी हो, वादा फरामोश-3
18. मुंशी, दीवान-3
19. रवैया, तरीका-3
21. आम जनता-2
22. लता, लतिका-2

माथा पच्ची

25		25		10		1	=	40
	■		■		■		■	
15		10		3		15	=	0
	■		■		■		■	
35		10		29		15	=	31
	■		■		■		■	
40		2		10		20	=	10
=	■	=	■	=	■	=	■	=
45		23		10		10	=	19/21

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

शब्दों का जाल

ऐ	म	मा	अ	शो	का	म	न	ह	क	रा	
हा	त	सू	ह	रै	ल	जी	स	ल	का	ज	
पु	थी	रा	द	अं	पयु	त	र	म	ल	टी.	
प	र	दा	ज	ल	क	जी	ओ	मु	व	त	
पु	अ	ल	प	ल	न	मी	छ	हे	सी	ला	
प	मी	ज	स	जि	स्था	क	प	कु	जु	त	
के	ह	बु	न	दी	न	मी	टे	छ	हा	प	
न	पू	सु	पा	थी	पं.	सी	ल	क	ना	रा	
मों	रे	क	यू	ह	ज	ले	ने	हा	ल	त	
आ	प	बे	व	ष्ठ	दी	र	ह	ना	क	थ	
दो	स्ती	न	प	ट	ल	इ	ह	है	ह	थी	

शब्दजाल में करीना कपूर की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

ऐतराज, अशोका, चुप चुप के, दोस्ती, बेवफा, तलाश, अजनबी, मुझे कुछ कहना है, रीफ्युजी, ओमकारा.

अष्टयोग

1	6	7			2	
6	31		28	3	30	1
5		3	4			7
	27	4	26		39	
2			1	6		4
	34	6	35		40	
3	7			5	6	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल

29	+	77	-	47	+	61	=	120
+	■	-	■	-	■	-	■	-
68	-	25	+	39	+	13	=	95
-	■	+	■	-	■	-	■	+
25	x	5	÷	5	+	12	=	37
-	■	-	■	+	■	+	■	-
31	+	20	-	44	x	7	=	49
=	■	=	■	=	■	=	■	=
41	+	37	-	47	+	43	=	33/37

अष्टयोग का हल

1	2	3	4	5	6	7
2	23	1	26	6	40	6
5	7	2	4	1	6	3
4	38	4	24	4	29	4
3	7	6	1	2	4	5
6	47	7	35	7	26	2
7	6	5	4	3	2	1

शब्दजाल का हल



सूडोकू नवताल

मध्यम

8		4	3	9	7	5		6
3					2			
		7	6	5				4
9	6		5			1		7
5		1	4		9	8		2
4		8					5	3
2				6	1	4		
			7					8
7		9	8	3	5	6		1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल का हल

7	8	4	9	5	2	6	1	3
9	6	2	4	3	1	8	5	7
1	3	5	7	8	6	2	4	9
4	2	3	6	1	5	9	7	8
8	5	9	2	4	7	1	3	6
6	7	1	3	9	8	4	2	5
3	1	7	8	6	4	5	9	2
5	9	6	1	2	3	7	8	4
2	4	8	5	7	9	3	6	1



रिजिजू बोले- विपक्षी नेता ओवैसी से सीखें, वे समझदार

मस्क विवाद पर असदुद्दीन ने कहा था- मोदी से 100 मतभेद, मगर गोरा हुक्म नहीं दे सकता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

किरेन रिजिजू ने शनिवार को अक्टक्ट चीफ असदुद्दीन ओवैसी के मस्क को लेकर दिए बयान की तारीफ की। रिजिजू ने पर लिखा कि कभी-कभी ओवैसी भारत के राष्ट्रीय हित से जुड़े मुद्दों पर समझदारी वाली बातें करते हैं। अगर विपक्ष के कुछ नेता हमारी बात नहीं सुनना चाहते, तो उन्हें ओवैसी से सीखना चाहिए।

दरअसल 14 अक्टूबर को एक कार्यक्रम में ओवैसी ने कहा था कि नरेंद्र मोदी से मेरे 100 मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मैं अपने देश और संवैधानिक पद का अपमान बर्दाश्त नहीं करूंगा। हमें दुनिया में सबसे सस्ता डेटा मिल रहा है। कोई



गोरा हमें हुक्म नहीं दे सकता। हाल ही में मस्क ने अपने एक पोस्ट में मुकेश अंबानी पर तंज कसते हुए उन्हें 'प्राइम मिनिस्टर अंबानी' लिखा था। इस पोस्ट में उन्होंने अंबानी को भारत का रियल बॉस बताया था।

इलॉन मस्क भारत में स्टारलिंक की देरी का जिम्मेदार अंबानी को बता रहे

इलॉन मस्क भारत में स्टारलिंक की लॉन्चिंग में हो रही देरी को लेकर पिछले कुछ दिनों से नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। इस देरी के लिए वो रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को जिम्मेदार बता रहे हैं और उनके खिलाफ लगातार सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने शुक्रवार को कहा कि वह कॉम्पिटिशन से नहीं डरते। कंपनी ने पर पोस्ट कर कहा कि असली मुकाबला वही है, जिससे यह पता चले कि सबसे अच्छी सर्विस कौन दे रहा है।

भारत में 2200 महीने का डेटा कौन खरीदेगा

मस्क की पोस्ट के बाद कुछ लोगों ने कहा कि भारत में दुनिया का सबसे सस्ता और तेज इंटरनेट मौजूद है। यहां सिर्फ ?300-400 महीने में 60ॠ डेटा मिल जाता है, जो दूरदराज के गांवों में भी बेहतरीन काम करता है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि जब स्टारलिंक अन्य देशों में करीब ?2,200 महीने चार्ज करता है तो भारत में इसे कौन खरीदेगा। इस तर्क का जवाब देते गुए मस्क ने कहा कि एक तरफ वे दावा करते हैं कि स्टारलिंक भारत में जियो के सस्ते प्लान्स का मुकाबला नहीं कर पाएगी। दूसरी तरफ वे यह भी कहते हैं कि स्टारलिंक के आने से कॉम्पिटिशन बढ़ जाएगा। ये दोनों बातें एक साथ सही नहीं हो सकतीं।

सच्चाई यह है कि मार्केट में कॉम्पिटिशन बढ़ने से हमेशा आम ग्राहकों को ही फायदा मिलता है। स्टारलिंक के आने से अंबानी की कंपनी का मुनाफा थोड़ा घट सकता है, लेकिन उनका कारोबार बंद नहीं होगा। जाहिर है, अगर स्टारलिंक भारत में बहुत महंगी होगी तो उसे कोई नहीं खरीदेगा, इसलिए स्पेसएक्स को यहां टिकने के लिए अपनी कीमतें सस्ती रखनी ही पड़ेंगी।

सरकार बोली स्टारलिंक सहित 3 कंपनियों को लाइसेंस दिए

'इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026' में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सरकार का रुख साफ किया। उन्होंने बताया कि देश में तीन सैटेलाइट इंटरनेट कंपनियों को लाइसेंस मिल चुके हैं।

1. रिलायंस जियो सैटकॉम 2. भारती एयरटेल सपोर्टेड यूटेलसेट वनवेब 3. इलॉन मस्क की स्टारलिंक

हालांकि, सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि लाइसेंस पाने वाली इन सभी कंपनियों की सिक्योरिटी क्लीयरेंस अभी बाकी है। इसके अलावा सैटेलाइट स्पेक्ट्रम का प्राइसिंग फ्रेमवर्क भी तय किया जा रहा है। सभी जरूरी शर्तें पूरी होने के बाद ही भारत में ये सेवाएं शुरू हो सकेंगी।

143 साल पुरानी ऐतिहासिक इमारत जलाई; महंगाई के खिलाफ 8 लाख लोग सड़कों पर

फ्रांस में राष्ट्रपति भवन से 400 मीटर दूर हिंसक प्रदर्शन







ब्रह्मास्त्र ▸▸ पेरिस

फ्रांस में बढ़ती महंगाई और ईंधन की कीमतों के विरोध में शनिवार को 8 लाख लोग सड़कों पर उतरे। फ्रांस 24 की रिपोर्ट के मुताबिक राजधानी पेरिस में राष्ट्रपति भवन एलिजे पैलेस से महज 400 मीटर दूर प्रदर्शनकारियों ने हिंसक प्रदर्शन किया और गाड़ियों में आग लगा दी।

वहीं, लिमोज शहर में नकाबपोश प्रदर्शनकारियों ने टाउन हॉल में आग लगा दी। इससे 143 साल पुरानी इमारत लगभग पूरी तरह तबाह हो गई। देश के कई हिस्सों में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तनाव की स्थिति बनी रही। फ्रांस में करीब एक महीने से प्रदर्शन चल रहे हैं। शुरूआत स्कूली छात्रों के विरोध से हुई थी, जो धीरे-धीरे सामाजिक आंदोलन में बदल गया है।

एक छोटे से स्कूल से शुरू हुआ आंदोलन देशभर में फैला

21 सितंबर को पेरिस के लाइसी सेंट-एक्सूपेरी स्कूल के छात्रों ने विरोध प्रदर्शन शुरू किया। यह स्कूल ऐसे इलाके में है जहां बेहद गरीब लोग रहते हैं। छात्रों की मांग थी कि स्कूल में शिक्षकों और संसाधनों की कमी दूर की जाए। 29 सितंबर को प्रशासन ने स्कूल में अतिरिक्त स्टाफ भेजा जिसके बाद हड़ताल खत्म हो गई, लेकिन तब तक दूसरे इलाकों में भी विरोध शुरू हो चुका था। सिर्फ 8 दिन में आंदोलन 410 स्कूलों तक फैल चुका था। इसके बाद विश्वविद्यालयों के छात्र भी आंदोलन में शामिल हो गए। छात्रों को उनके माता-पिता, शिक्षकों और मजदूर संगठनों का भी समर्थन मिला।



5 अक्टूबर को उत्तरी फ्रांस के लेंस शहर में प्रदर्शन के दौरान पुलिस के एक ग्रेनेड से 15 साल के एक लड़के का हाथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसे काटना पड़ा। इस घटना ने पुलिस की सख्त कार्रवाई को लेकर लोगों के गुस्से को और बढ़ा दिया

फ्रांस में इससे पहले स्कूली छात्रों के किसी आंदोलन में इतनी बड़ी संख्या में हिंसक घटनाएं नहीं देखी गई थीं। अब तक देशभर में हुई झड़पों में 200 से ज्यादा छात्र, स्कूलों के 85 कर्मचारी और 700 पुलिसकर्मी घायल हो चुके हैं।

अब तक 6,000 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें ज्यादातर नाबालिग थे। बाद में उन्हें बिना किसी आरोप के रिहा कर दिया गया।

दुकानों में लूटपाट, कई शहरों में आगजनी

प्रदर्शन के दौरान और उसके बाद युवकों के समूह सड़कों पर घूमते रहे। कुछ जगहों पर उनकी पुलिस से झड़प हुई, तो कई जगहों पर उन्होंने आग लगाई और बंद दुकानों में घुसकर सामान लूट लिया।

करीब 10 शहरों में सुपरमार्केट, दवा की दुकानों, महंगे ब्रांड के शोरूम, कपड़ों और इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचने वाली दुकानों में लूटपाट हुई। न्यूज एजेंसी अॠ के मुताबिक कुछ युवकों का समूह प्लानिंग के साथ दुकानों को निशाना बना रहे थे। वे चेहरे पर नकाब और हाथों में दस्ताने पहने हुए थे। दुकानों में घुसने से पहले वे सुरक्षा कैमरों के कनेक्शन काट देते थे और फिर शीशे तोड़कर अंदर घुस जाते थे।

बांग्लादेश के रिजॉर्ट में आग, 10 की मौत

6 लोग एक ही परिवार के; बिना फायर सेफ्टी लाइसेंस के रिजॉर्ट चल रहा था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

बांग्लादेश के कॉक्स बाजार जिले में शनिवार सुबह समुद्र किनारे बने एक रिजॉर्ट में आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक ही परिवार के 6 सदस्य शामिल हैं। आग सुबह करीब 7:25 बजे टुपटुप रेस्टो एंड रिजॉर्ट में लगी। तीन मंजिला लकड़ी की इमारत आग में पूरी तरह जलकर खाक हो गई। हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं।

रिजॉर्ट के पास आग से बचाव के इंतजामों की मंजूरी नहीं थी। जून में चेकिंग के दौरान अधिकारियों ने इसे लेकर चेतावनी भी दी थी। बांग्लादेश के अखबार प्रोथोम आलो ने अधिकारियों के हवाले से बताया है कि बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। इसके बाद यह आग एयर कंडीशनर में लगी।

गैस सिलेंडर में विस्फोट के बाद आग तेजी से पूरी इमारत में फैल गई। हालांकि, जांच पूरी होने के बाद ही आग लगने की असली वजह का पता चल सकेगा।



आग लगने के समय रिजॉर्ट में करीब 30 लोग मौजूद थे। इनमें से 4 से 5 लोग किसी तरह बाहर निकलने में कामयाब रहे। बाकी लोगों के बारे में अभी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। तीन मंजिला रिजॉर्ट बांस और लकड़ी से बना था। यह कॉक्स बाजार के लोकप्रिय समुद्र तटीय इलाके कोलातोली के बाहरी हिस्से में स्थित था। यह जगह राजधानी ढाका से करीब 410 किलोमीटर दूर है। रिपोर्ट के मुताबिक अशिकुल इस्लाम अपने परिवार के साथ रिजॉर्ट में छुट्टियां मनाने आए थे।

बांग्लादेश में पिस्तौल लेकर ड्रग्स तस्करों को पकड़ने पहुंचे मंत्री

6 लोगों को पकड़ा, पुलिस बोली- उन्हें ऐसा करने का अधिकार नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

बांग्लादेश में एक मंत्री का हाथ में पिस्तौल लेकर ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई करने का वीडियो सामने आया है। मंत्री इशराक हुसैन राजधानी ढाका की एक बस्ती में अपने साथियों के साथ पिस्तौल लेकर घूमते, लोगों से बात करते दिख रहे हैं।

उनके साथ के लोग स्थानीय निवासियों को पकड़ते और तिरपाल से बनी झोपड़ियां तोड़ते दिख रहे हैं। यह घटना शनिवार को गेंडारिया इलाके में हुई। मंत्री और उनके लोगों ने 6 लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। वीडियो सामने आने के बाद मंत्री के ऐसा करने को लेकर आलोचना हो रही है। पुलिस ने भी साफ किया है कि छापेमारी का अधिकार कानून लागू करने वाली एजेंसियों के पास है।

बांग्लादेश के राज्य मंत्री इशराक हुसैन ने बाद में अपने फेसबुक पेज पर कार्रवाई का वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने दावा किया कि कार्रवाई के दौरान 6 लोगों को पकड़ा गया। हालांकि, ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के डिप्टी कमिश्नर मलिक अहसान उद्दीन सामी ने बताया कि पुलिस 10 लोगों को गेंडारिया थाने लेकर गई। उनके मुताबिक, मंत्री ने कुछ लोगों को पकड़ने के बाद पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने जांच के बाद उन्हें हिरासत में लिया।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि छापेमारी करने का अधिकार केवल कानून लागू करने वाली एजेंसियों को है। हालांकि, बांग्लादेश में कोई भी नागरिक अपराध के संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले कर सकता है।

गेंडारिया थाने के प्रभारी मोनिरुज्जमान मोनिर ने बताया कि पकड़े गए लोगों के पास से सफेद पाउडर जैसा पदार्थ मिला है। लेकिन यह ड्रग्स है या नहीं, इसकी पुष्टि प्रयोगशाला में जांच के बाद ही होगी।

वायुसेना का नया संचार कवच 'जीसैट-7 सी सैटेलाइट

सैटेलाइट की कीमत 2563 करोड़, पूरी तरह स्वदेशी; रेडियो ठप होने पर भी फाइटर जेट तक पहुंचेंगे संदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना की संचार क्षमता मजबूत करने के लिए देश में जीसैट-7सी सैन्य उपग्रह लॉन्च किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड के साथ 2,563 करोड़ रुपए का करार किया। इसके तहत उपग्रह का डिजाइन, विकास और निर्माण किया जाएगा।इस उपग्रह की सबसे बड़ी खासियत दूर तक सुरक्षित संचार उपलब्ध कराने की क्षमता होगी। इससे लड़ाकू विमानों, निगरानी विमानों, मानवरहित विमानों और जमीन पर मौजूद सैन्य केंद्रों के बीच संपर्क स्थापित करने में मदद मिलेगी। सामान्य रेडियो संचार की पहुंच से बाहर होने पर भी उपग्रह के जरिए सूचनाओं का आदान-प्रदान संभव हो सकेगा।

भारतीय वायुसेना का यह दूसरा समर्पित संचार उपग्रह होगा। पहला उपग्रह जीसैट-7ए दिसंबर 2018 में प्रक्षेपित किया गया था। उसकी निर्धारित कार्य अवधि 8 साल थी और उसकी क्षमता का लगभग 30% हिस्सा सेना को भी आवंटित किया गया था। जीसैट-7सी अंतरिक्ष में संचार केंद्र की तरह काम करेगा। यह विमानों और जमीन पर मौजूद सैन्य इकाइयों के बीच संपर्क बनाने में मदद करेगा। जब विमान सामान्य रेडियो की सीधी पहुंच से दूर होंगे, तब उपग्रह के जरिए संदेश एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाए जा सकेंगे। इससे लड़ाकू विमान, हवाई निगरानी और नियंत्रण विमान, मानवरहित विमान और जमीन पर मौजूद कंट्रोल सेंटर सूचनाएं साझा कर सकेंगे।



भारतीय सेनाओं के लिए 52 सैटेलाइट

दरअसल, ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने सैन्य अंतरिक्ष क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया है। सरकार ने 26,968 करोड़ रुपए के अंतरिक्ष आधारित निगरानी कार्यक्रम (एसबीएस-3) को तेजी दी है। इसके तहत 52 सैन्य उपग्रह अंतरिक्ष में स्थापित करने की योजना है। इनके लॉन्च की तैयारी जारी है। सेना के लिए जीसैट-7बी बनाने का 3,000 करोड़ रुपए का करार मार्च 2023 में हुआ था। नौसेना का जीसैट-7आर नवंबर 2025 में प्रक्षेपित किया गया था। ये परियोजनाएं तीनों सेनाओं की अलग-अलग संचार जरूरतों के लिए अंतरिक्ष आधारित क्षमता बढ़ाने की योजना का हिस्सा हैं।

डांडिया इवेंट में लाइटिंग लगा आर्च गिरा, 2 की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हैदराबाद

हैदराबाद के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में डांडिया कार्यक्रम के दौरान लाइटिंग लगा आर्च गिर गया। हादसे में एक इंजीनियरिंग स्टूडेंट और एक अन्य की मौत हो गई। इस घटना में 14 दूसरे लोग भी घायल हुए हैं। यह हादसा शनिवार रात नादेरगुल के टशरफइंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ। मरने वालों में से एक की पहचान सोनी के रूप में हुई है, जो वनापर्थी की रहने वाली थी। सोनी की बहन की हालत भी गंभीर है और उसे दूसरे अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया है। पांच की हालत गंभीर है। उन्हें इलाज के लिए छह नगर के कामिनेनी अस्पताल ले जाया गया है। मृतक छात्रा सोनी, रिपोर्ट्स के मुताबिक वह वनापर्थी से अपनी बहन के साथ आई थी। मृतक पीड़िता के चाचा सुरेश ने बताया, ₹मुझे शाम 7 बजे के एक कॉल आया। टशरफ कॉलेज में डांडिया कार्यक्रम चल रहा था। उस समय काफी तेज हवाएं चल रही थीं, और अचानक लाइटिंग और सजावट का एक खंभा गिर गया।

अमेरिका ने मदद रोकी तो यूक्रेन का क्या होगा:

जेलेंस्की का साथ छोड़ पुतिन के साथ दिख रहे ट्रम्प; 1 सप्ताह में 4 झटके

ब्रह्मास्त्र ▸▸ यूक्रेन

रूस से करीब 5 साल से युद्ध लड़ रहे यूक्रेन के सामने अब एक नई मुसीबत खड़ी हो गई है। जिस अमेरिका के हथियारों और खुफिया जानकारी के दम पर यूक्रेनी सेना रूसी हमलों का मुकाबला कर रही है, उसी के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ खड़े नजर आ रहे हैं।

ट्रम्प ने महज एक सप्ताह में 4 ऐसे कदम उठाए, जिनसे यूक्रेन की मुश्किलें बढ़ गईं। अब सवाल है कि अगर ट्रम्प ने यूक्रेन को सैन्य मदद और खुफिया जानकारी देना बंद कर दिया, तो जेलेंस्की की सेना का क्या होगा? क्या यूक्रेन अमेरिकी मदद के बिना रूस का मुकाबला कर पाएगा? और ट्रम्प के बदले रुख से पुतिन को कितना फायदा मिल सकता है?

ट्रम्प ने रूस-यूक्रेन युद्ध को अमेरिका में डीजल की बढ़ती कीमतों की वजह बताया। इसके बाद उन्होंने रूसी डीजल की बिक्री पर लगे प्रतिबंधों में अस्थायी राहत दी। उनका कहना था कि इससे ईंधन की कीमतें कम करने में मदद मिलेगी।



यह फैसला इसलिए अहम है, क्योंकि रूस तेल और गैस की बिक्री से बड़ी कमाई करता है। इस कमाई से उसे युद्ध का खर्च उठाने में भी मदद मिलती है। रूसी ईंधन की बिक्री पर राहत मिलने से मॉस्को को आर्थिक फायदा हो सकता है।

अगले दिन ट्रम्प ने सीधे जेलेंस्की के नेतृत्व पर सवाल उठा दिए। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को नया राष्ट्रपति चुनना चाहिए, जो रूस के साथ समझौता करके युद्ध खत्म कर सके। ट्रम्प का आरोप था कि जेलेंस्की के पास युद्ध खत्म करने के कई मौके थे, लेकिन उन्होंने उनका फायदा नहीं उठाया। उनका कहना था कि यूक्रेन के राष्ट्रपति को रूस के साथ समझौते की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

11 अक्टूबर: जेलेंस्की से बात किए बिना युद्धविराम का ऐलान

तीसरे दिन ट्रम्प ने रूस-यूक्रेन युद्ध में ऊर्जा ठिकानों पर हमले रोकने के लिए युद्धविराम का ऐलान किया। ऊर्जा ठिकानों में बिजली संयंत्र, तेल रिफाइनरी और ईंधन से जुड़े दूसरे महत्वपूर्ण ढांचे शामिल होते हैं।

रूस और यूक्रेन दोनों एक-दूसरे के ऊर्जा ठिकानों पर हमले करते रहे हैं। इन हमलों से बिजली आपूर्ति, ईंधन की उपलब्धता और सैन्य अभियानों पर असर पड़ता है। लेकिन ट्रम्प के ऐलान के बाद विवाद खड़ा हो गया। जेलेंस्की ने कहा कि उन्हें इस समझौते की पहले से जानकारी नहीं थी। उन्होंने साफ किया कि यूक्रेन रूस के ऊर्जा ठिकानों पर हमले तभी रोकेगा, जब रूस भी यूक्रेन पर ऐसे हमले बंद करेगा।

13 अक्टूबर: स्टारलिंक सर्विस की स्पीड कम की

यूक्रेन जिस इंटरनेट से अपने तेज रफ्तार ड्रोन उड़ा रहा था और रूस में हमले कर रहा था, उस पर अचानक स्पीड लॉक लगा दिया गया। पहले ये 200 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हमला करते थे। लॉक लगने के बाद इसकी रफ्तार 160 किमी प्रति घंटा रह गई। जैसे ही कोई ड्रोन इस रफ्तार से तेज हुआ, उस पर लगा इंटरनेट सिग्नल कट गया और ड्रोन गिरने लगा। जेलेंस्की ने इसका जिम्मेदार मस्क को बताया। बाद में मस्क ने इस पल्ला झाड़ते हुए कहा कि यह अमेरिकी सरकार कर रही है।

■ वर्ष-12 अंक-345 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

गीती शीघ्री शिरः कम्पी तथा लिखित पाठकः।
अनर्थज्ञोऽल्पकण्ठश्च षडेते पाठकाधमाः।।

भावार्थ : गाकर पढ़ना, जल्दी पढ़ना, पढ़ते समय सिर हिलाना, लिखा हुआ पढ़ना, बिना अर्थ जाने पढ़ना और धीमी आवाज में बोलना पाठक के छह दोष हैं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 18 अक्टूबर, 2026

स्वच्छन्दत्वं धनार्थित्वं प्रेमभावोऽथ भोगिता।
अविनीतत्वमालस्यं विद्याविघ्नकराणि षट्।।

भावार्थ : स्वतन्त्रता, धन का मोह, प्रेम में पड़ना, तल्लीन होना, मोह में पड़ना ये छह भी शिक्षा प्राप्ति में बाधक हैं।

सम्पादकीयम्

धार्मिकपरिचयस्य

परस्परसम्मानस्य, सामञ्जस्यस्य च विषये संघप्रमुखेन उद्धृताः बिन्दवः वर्तमानसन्दर्भे अत्यन्तं महत्त्वपूर्णाः सन्ति। धार्मिकसांस्कृतिकपरिचयान् परितः तनावाः सम्पूर्णे विश्वे वर्धन्ते। विग्रहाः चिरकालात् वर्तन्ते। अन्येषां निराकरणस्य आदत्या संवादस्य मार्गः अवरुद्धः अस्ति। अवश्यं स्मर्तव्यं यत् मानवस्य गौरवः प्रत्येकस्मिन् परिस्थितौ समानः एव तिष्ठति। यदि एतत् स्वीकृतं भवति तर्हि बहवः विग्रहाः निवारयितुं शक्यन्ते। प्रवासिनः कृते सन्देशः भारतीयप्रवासीभ्यः प्रसारितः 'कर्मभूमि' (कार्यभूमिः) इति विषये सन्देशः महत्त्वपूर्णः अस्ति, विशेषतः तस्मिन् समये यदा अमेरिकादेशे आप्रवासिनः शङ्कैन दृश्यन्ते। ट्रम्प प्रशासनं आप्रवासननीतिषु निरन्तरं कठिनीकरणं कुर्वन् अस्ति। आप्रवासिनः-विशेषतः च भारतीयमूलस्य-आधुनिक-अमेरिका-देशस्य आकारे एतादृशी भूमिकां निर्वहन्ति यत् अमेरिकन-देशीयानां अपेक्षया न्यूनं महत्त्वपूर्णं नास्ति तथापि स्वप्नानां साकारीकरणे साहाय्यं कृतवान् देशस्य प्रति प्रतिबद्धता अक्षीणा एव वर्तते। वास्तविकपरीक्षा : भागवतस्य अभिनयः अयं कार्यक्रमः विवादे मग्नः आसीत्। न्यूयॉर्क-नगरस्य अधिकारी जोह्रान् ममदानी इत्यनेन अस्य आयोजनस्य विरोधः कृतः। परन्तु लोकतन्त्रं विरुद्धदृष्टिकोणमपि समायोजयति इति अवगन्तुं महत्त्वपूर्णम्, अन्येषां श्रोतुं इच्छुकः भवेत्, असहमति-सम्मुखे अपि। अपि च अमेरिकनप्रजातन्त्रस्य बलस्य कारणेन ममदानी स्वयमेव वर्तमानस्थानं प्राप्तवान्। अन्ततः भागवतस्य वचनस्य यथार्थपरीक्षा तेषां व्यावहारिकप्रयोगे एव निहितम् अस्ति।

सुरक्षापरिधिं भङ्गयितुं प्रयत्नस्य अनन्तरं वर्धनम्

महिलायाः परिचयस्य, कथितस्य व्यवसायस्य, तस्याः स्वास्थ्यस्य वा मादकद्रव्यस्य दुरुपयोगस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता



दुरुपयोगसम्बद्धाः विषयाः आरोपिताः। परन्तु एतेषां दावानां स्वतन्त्रसत्यापनं उपलब्धप्रतिवेदनेषु न प्रदत्तं भवति। महिलायाः परिचयस्य, कथितस्य व्यवसायस्य, तस्याः स्वास्थ्यस्य वा मादकद्रव्यस्य दुरुपयोगस्य वा विषये विवरणं केवलं पुलिस-अनुसन्धानस्य अनन्तरमेव पुष्टिः कर्तुं शक्यते।

डोला सेनस्य मते यदा सा महिलायाः परिचयं पृष्टवती तदा सा ममता बनर्जी स्वस्य मातुलः इति दावान् अकरोत्। सेन् तां सुरक्षापरिधिं प्रविष्टुं निवारितवान्। तदनन्तरं महिला अग्रे सुरक्षा घेराबंदीं भङ्गयितुं प्रयत्नं कृतवती इति कथ्यते। तत् न कृत्वा सा मार्गे शयनं कृत्वा अपशब्दभाषां प्रयोक्तुं आरब्धा। अस्मिन् एव काले तस्याः हस्ते छूरी दृष्टा इति कथ्यते। टीएमसी-सांसदस्य शिकायतया प्रथमं महिला पृष्ठतः सुरक्षापरिधिं प्रविष्टुं प्रयतते स्म। निरुद्धा सा अग्रेतः प्रवेशं प्राप्तुं प्रयत्नं कृतवती। उभयप्रयासेषु असफलतां प्राप्य मार्गे शयनं कृत्वा दृश्यं निर्मितवती इति कथ्यते। घटनायाः समये सा छूरीम् आदाय आसीत इति ज्ञातम्। मुख्यमन्त्री सुरक्षाविवरणस्य समीपे उपस्थिताः दलकार्यकर्तारः महिलां नियन्त्रितवन्तः, तदनन्तरं सा पुलिसाय समर्पिता। टीएमसी-नेतृभिः एतत् घटनां गम्भीरं सुरक्षा-उल्लङ्घनम् इति वर्णितम् अस्ति।

सम्प्रति उपलब्धानां सूचनानां आधारेण एषा महिला वस्तुतः मुख्यमन्त्रीम् आक्रमितवती इति निष्कर्षः अकालः स्यात्। यद्यपि समाचाराः आक्रमणस्य प्रयासस्य आरोपं कुर्वन्ति तथापि चोटस्य सूचनाः न प्राप्ताः। कथितस्य छूरस्य स्वरूपं, तस्याः अभिप्रायः, घटनाकाले तस्याः वास्तविकक्रियाः च अन्वेषणस्य अनन्तरं एव पुष्टिः कर्तुं शक्यते।

महिलायाः दावानां, परिचयस्य च सत्यापनम् महत्त्वपूर्णम् अस्ति ममता बनर्जी इत्यस्याः भगिनी इति घटनायाः समये महिलायाः दावा अपि चचार्याः विषयः अभवत्। तथापि ज्ञातित्वस्य दावाः स्वयमेव तादात्म्यस्य प्रमाणं न भवति। उपलब्धाः प्रतिवेदनाः महिलायाः पारिवारिकसम्बन्धस्य वा तस्याः वक्तव्यस्य वा समर्थनार्थं स्वतन्त्रसूचनाः न ददति। पुलिस-अनुसन्धानेन स्पष्टं कर्तव्यं भविष्यति यत् सा महिला मुख्यमन्त्री-निवासस्य समीपं किमर्थं गता, तत्र पूर्वमेव उपस्थिता आसीत् वा, कथितं छूरी कथं प्राप्तवती इति। तदतिरिक्तं सुरक्षापरिधिभङ्गस्य प्रयासस्य तस्याः प्रेरणाम् अन्वेषणेन परीक्षितं भविष्यति। यदि शिकायतया कृताः आरोपाः प्रमाणीकृताः सन्ति तर्हि मुख्यमन्त्रिणः सुरक्षाव्यवस्थायाः विषये एषा घटना महत्त्वपूर्णा इति गणयितुं शक्यते। परन्तु किमपि निष्कर्षं प्राप्तुं पूर्वं पुलिस-अनुसन्धानं, प्रत्यक्षदर्शिनां वक्तव्यं, उपलब्धसाक्ष्याणां उद्भवं च प्रतीक्षितुम् अत्यावश्यकम् आधिकारिक पुलिस प्रतिक्रिया प्रतीक्षा समाचारपत्रानुसारं एतस्य विषये वरिष्ठपुलिसपदाधिकारिभिः सह सम्पर्कं कर्तुं प्रयत्नाः कृताः, परन्तु कालस्य वा सन्देशस्य वा प्रतिक्रिया न प्राप्ता। पुलिस उपायुक्तः (दक्षिणकोलकाता) राहुलदे सहितः वरिष्ठाधिकारिणां तत्कालं कोऽपि प्रतिक्रिया न आगता। फलतः, महिलायाः विरुद्धं दाखिलशिकायतया पुलिसैः कृतस्य कार्यवाही, तस्याः विरुद्धं कृताः विशिष्टाः आरोपाः, तस्याः निरोधस्य अनन्तरं अनुसृता प्रक्रिया च विषये विस्तृताः आधिकारिकसूचनाः अनुपलब्धाः सन्ति एतदपि अस्पष्टं यत् महिलायाः चिकित्सापरीक्षा कृता अथवा तस्याः कथितस्य मद्यस्य अवस्थायाः परीक्षणं कृतम्।

चयनपरीक्षायां सफलतां

प्राप्य अपि राहतं न प्राप्तम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

याचिका भर्तीनियमानां व्याख्यायां विभागद्वयेन निर्धारितयोग्यतायाः विसंगतिः च आधारिता आसीत्। परन्तु उच्चन्यायालयः याचिकाकर्तायाः तर्कं न स्वीकृत्य याचिकां निरस्तं कृतवान्। प्रकरणस्य एकः प्रमुखः पक्षः आसीत् यत् अभ्यर्थी प्राथमिकशिक्षकचयनपरीक्षायां-२०२५ मध्ये सफलः अभवत् परन्तु दस्तावेजसत्यापनस्य समये यदा आवश्यकव्यावसायिकयोग्यतायाः अभावः प्रकाशं प्राप्तवान् तदा सः अयोग्यः इति घोषितः। एषः एव निर्णयः उच्चन्यायालयस्य समक्षं आव्हानं कृतवान्। निर्णये स्पष्टं भवति यत् चयनपरीक्षायां सफलता तथा च नियुक्त्यर्थं निर्धारितशैक्षिकव्यावसायिकयोग्यतां पूरयितुं विशिष्टानि आवश्यकतानि सन्ति। अन्तिमचयनार्थं अभ्यर्थिनः प्रासंगिकनियुक्तिनियमेषु निर्धारिताः आवश्यकाः योग्यताः पूर्णाः भवेयुः। प्राथमिक शिक्षक भर्ती हेतु व्यावसायिक योग्यता महत्वपूर्ण प्राथमिकस्तरस्य अध्यापनार्थं निर्धारितव्यावसायिकयोग्यता भर्तीप्रक्रियायाः महत्त्वपूर्णः घटकः अस्ति। केवलं स्नातकपदवीं वा बी.एड. उपाधिः स्वयमेव अभ्यर्थिनं प्राथमिकशिक्षकपदार्थं योग्यं न करोति; प्रासंगिकपदस्य भर्तीनियमानां च अनुसारं निर्दिष्टानि योग्यतानि पूरयितुं अनिवार्यम् अस्ति। अस्मिन् उच्चन्यायालयस्य निर्णये याचिकाकर्ता केवलं बी.एड्. उपाधिः।

व्यापारी दावान् करोति यत् सः प्रश्ने स्थापितेभ्यः फर्मेभ्यः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

अन्वेषणेन ज्ञातं यत् व्यापारिणः जीएसटी खातेः गुप्तशब्दः तस्य ज्ञानं विना परिवर्तितः। तदनन्तरं खातेन सह अतिरिक्तद्वयं ईमेल-ईडी, नूतनं मोबाईल-सङ्ख्या च सम्बद्धम्। एतेषां परिवर्तनानां उपयोगेन २०२६ तमस्य वर्षस्य फेब्रुवरी-मासस्य व्यापारिणः नाम्ना दाखिलम्। व्यापारी दावान् करोति यत् सः प्रश्ने स्थापितेभ्यः फर्मेभ्यः किमपि मालम् न विक्रीतवान्, न च तादृशं चालानपत्रं निर्गतवान्। गुप्तशब्दपरिवर्तनानन्तरं अभिगमः नष्टः ईओडब्ल्यू-प्रेस-ब्रिफ-अनुसारं शिकायतकर्ता भोपाले स्वामित्व-संस्थां संचालयति, यस्याः जीएसटी-कृते पञ्जीकरणं जून-मासस्य १९, २०२५ दिनाङ्के अभवत्।

राशिफल

मेष : पारिवारिक जीवन की दिक्कतें दूर होंगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। लव लाइफ में खुशनुमा माहौल रहेगा।

वृषभ : व्यापार में विस्तार होगा। प्रेम जीवन में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। स्टूडेंट्स को तनाव महसूस हो सकता है।

मिथुन : अपने स्वास्थ्य पर ज्यादा ध्यान देना होगा। अपनी डाइट में प्रोटीन और विटामिन्स से भरपूर फूड शामिल करें।

कर्क : अपने करियर गोल्स पर फोकस करें। रिलेशनशिप की दिक्कतों को बातचीत के जरिए सुलझाने का प्रयास करें।

सिंह : निवेश के नए मौकों पर नजर रखें। पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ की प्रॉब्लम को सुलझाने के लिए परिजनों से सुझाव लें।

कन्या : धार्मिक कार्यों में दिलचस्पी बढ़ेगी। व्यापार में विस्तार होगा। प्रेम जीवन में कुछ समस्याएं आ सकती हैं।

तुला : अपने करियर गोल्स पर फोकस करें। रिलेशनशिप की दिक्कतों को बातचीत के जरिए सुलझाने का प्रयास करें।

वृश्चिक : पारिवारिक जीवन की दिक्कतें दूर होंगी। आज आप फैमिली के साथ ट्रिप का प्लान बना सकते हैं।

धनु : पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। स्टूडेंट्स को शैक्षिक कार्यों में अपार सफलता मिलेगा। वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा।

मकर : रिलेशनशिप की दिक्कतों को बातचीत के जरिए सुलझाने का प्रयास करें। घर में चल रहे विवाद सुलझाएं।

कुंभ : आज यात्रा पर जा सकते हैं। अपने स्वास्थ्य पर ज्यादा ध्यान देना होगा। हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं।

मीन : आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। ऑफिस में खूब मान-सम्मान मिलेगा।

सीरीज 2-2 से बराबर, 4 साल बाद घर पर सीरीज नहीं जीत सकी टीम इंडिया

बारिश से भारत-वेस्टइंडीज पांचवां टी-20 रद्द

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेंगलुरु



बारिश की वजह से भारत और वेस्टइंडीज के बीच पांचवां टी-20 रद्द हो गया है। इसी के साथ सीरीज 2-2 से बराबर हो गई। भारत 4 साल बाद घर पर सीरीज नहीं जीत सका। इससे पहले साउथ अफ्रीका ने 2022 में 5 मैचों की सीरीज 2-2 ड्रॉ कराई थी।

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में बारिश की वजह से 6:30 बजे होने वाला टॉस ढाई घंटे लेट 9 बजे हुआ। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मैच 9-9 ओवर का किया गया।

भारत ने शनिवार को 7.4 ओवर बल्लेबाजी की। टीम ने 5 विकेट खोकर 118 रन बनाए। इसके बाद बारिश आ गई और मैच रद्द करना पड़ा। ईशान किशन ने 10 बॉल पर 30 रन बनाए। नमन धीर 6 बॉल 24 रन बनाकर नाबाद रहे।

भारत-वेस्टइंडीज ने ट्रॉफी शेयर की- भारत और वेस्टइंडीज ने ट्रॉफी शेयर की। टीम अब न्यूजीलैंड दौरे पर जाएगी, जहां 22 अक्टूबर से 5 मैचों की टी-20 इंटरनेशनल सीरीज शुरू होगी। वहीं, वेस्टइंडीज की टीम बांग्लादेश जाएगी।

भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि अगर टीम ने दूसरे और चौथे मैच में बेहतर गेंदबाजी की होती, तो सीरीज का नतीजा अलग हो सकता था। उन्होंने वेस्टइंडीज को श्रेय देते हुए कहा कि टीम ने अच्छी बल्लेबाजी की। शाई होप ने पूरी सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया। अय्यर ने वेस्टइंडीज की हार के बाद वापसी करने की क्षमता की भी तारीफ की।

शाई होप प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए- शाई होप को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। उन्होंने 261 रन बनाए। दो शतक भी लगाए। होप ने मैच के बाद कहा कि वेस्टइंडीज पिछले 20 साल से भारत में सीरीज नहीं जीत सका है, लेकिन इस बार टीम ने शानदार प्रदर्शन किया।

बारिश के कारण भारत-वेस्टइंडीज बेनतीजा- बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। इसके साथ ही 5 मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर रही। दो साल बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम में इंटरनेशनल मैच की वापसी भी बेनतीजा रही। वेस्टइंडीज का 2002 के बाद पहली बार भारत में सीरीज जीतने का इंतजार भी जारी है।

श्रेयस 22 रन बनाकर आउट, नमन धीर ने आते ही सिक्स लगाया- 6.1 ओवर में कीमो पॉल ने श्रेयस अय्यर को आउट कर भारत को चौथा झटका दिया। डीप मिडविकेट पर शमार जोसेफ ने उनका कैच पकड़ा। इसके बाद क्रीज पर आए नमन धीर ने पहली ही गेंद पर छक्का जड़ दिया।

श्रेयस अय्यर ने लगाए लगातार 2 चौके- भारत ने 6 ओवर में 3 विकेट पर 88 रन बनाए हैं। गुडाकेश मोती के छठे ओवर में 15 रन बने। श्रेयस अय्यर ने लगातार दो चौके लगाए। इस दौरान उन्हें दो जीवनदान भी मिले। पहले शाई होप रनआउट करने से चूके, फिर डीप मिड-ऑफ पर शेरफेन रदरफोर्ड ने उनका कैच छोड़ दिया।

भारत ने 2.5 ओवर में 50 रन बनाए, संजू 16 रन पर बोल्ड- भारत ने 2.5 ओवर में 50 रन पूरे किए। यह टी-20 इंटरनेशनल में भारत का सबसे तेज टीम अर्धशतक है। इससे पहले भारत ने इसी साल हैदराबाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 ओवर में 50 रन बनाए थे। 4.1 ओवर में शमर स्प्रिंगर ने संजू सैमसन को बोल्ड कर दिया। संजू ने 7 गेंदों पर 16 रन बनाए, जिसमें 2 चौके और 1 छक्का शामिल है।

तिलक वर्मा 7 रन बनाकर बोल्ड, भारत को पांचवां झटका

7.4 ओवर में शमार स्प्रिंगर ने तिलक वर्मा को बोल्ड कर दिया। तिलक ने 6 गेंदों पर 7 रन बनाए। स्प्रिंगर की यॉर्कर लेंथ गेंद पर तिलक ने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर स्टंप्स पर जा लगी। यह स्प्रिंगर का मैच में दूसरा विकेट है।

ईशान किशन 30 रन बनाकर आउट

2.3 ओवर में शमार जोसेफ ने ईशान किशन को आउट कर भारत को दूसरा झटका दिया। ईशान ने 10 गेंदों पर 30 रन बनाए, जिसमें 3 चौके और 2 छक्के शामिल हैं। उन्होंने 300 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। ईशान ने बैक ऑफ लेंथ स्लोअर गेंद पर पुल शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले के बीच में नहीं आई। मिड-ऑन पर रोवमैन पॉवेल ने उनका कैच पकड़ा।

ज्योतिष/वास्तु

31 अक्टूबर को होगा साल 2026 का बड़ा गोचर

इन 4 राशि के लोगों का मजबूत होगा भाग्य और पूरे होंगे सभी सपने



ज्योतिषियों के अनुसार, 31 अक्टूबर 2026 को साल का बड़ा गोचर होने जा रहा है। इसका प्रभाव इन 4 राशि वालों के लिए खासतौर पर अच्छा रहेगा। इन जातकों को धन लाभ, खुशियां, भाग्य का साथ व संतान सुख की प्राप्ति संभव हैं।

साल 2026 का एक महत्वपूर्ण ग्रह गोचर अक्टूबर महीने में होने जा रहा है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, 31 अक्टूबर 2026 को शाम 7 बजकर 19 मिनट पर गुरु कर्क में अपनी यात्रा पूरी करके सिंह में गोचर करेंगे। गुरु को ज्योतिष में ज्ञान और भाग्य का कारक ग्रह माना जाता है, जबकि सिंह राशि के स्वामी सूर्य आत्मविश्वास व मान-सम्मान से जुड़े हैं। ऐसे में गुरु का सिंह राशि में प्रवेश कुछ राशि के जातकों के लिए विशेष माना जा रहा है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इस गोचर से इन लोगों को करियर और कारोबार में आगे बढ़ने के अवसर मिल सकते हैं। साथ ही, भाग्य का साथ मिलने और लंबे समय से अटके काम पूरे होने की संभावनाएं बन सकती हैं। आइए जानते हैं कि गुरु का यह गोचर किन चार राशियों के लिए शुभ माना जा रहा है।

मेष राशि- मेष राशि के जातकों के लिए गुरु का गोचर पंचम भाव में होगा। इसे शिक्षा और रचनात्मकता से जुड़ा भाव माना जाता है। इस दौरान विद्यार्थियों को पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों को भी मेहनत का सकारात्मक फल मिलने की संभावना है। इसके अलावा, रचनात्मक कार्यों से जुड़े जातकों को अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर मिल सकते हैं। परिवार के साथ संबंधों में भी मधुरता बनाए रखने का प्रयास लाभकारी रहेगा।

कर्क राशि- कर्क राशि के जातकों के लिए गुरु का गोचर द्वितीय भाव में होगा। ज्योतिष में इस भाव का संबंध धन और वाणी से माना जाता है। ऐसे में इस राशि के लोगों को आर्थिक मामलों में लाभ मिलने के अवसर मिल सकते हैं। अपनी बात प्रभावशाली ढंग से रखने की क्षमता से कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ सकता है। नौकरी और कारोबार में बातचीत के माध्यम से नए अवसर मिल सकते हैं। संतान से जुड़ी कोई सुखद खबर भी मिल सकती है।

सिंह राशि- सिंह राशि के जातकों के लिए गुरु का गोचर प्रथम भाव यानी लग्न भाव में होगा। इस गोचर के प्रभाव से व्यक्तित्व में निखार आने और आत्मविश्वास बढ़ने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आपकी बातों और विचारों को महत्व मिल सकता है। जो लोग बेरोजगार हैं उनको नौकरी के लिए बेहतर अवसरों की प्राप्ति होगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिल सकती है। जो लोग नई शुरूआत करने की योजना बना रहे हैं, उन्हें आगे बढ़ने के अवसर मिल सकते हैं।सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि और नए लोगों से संपर्क बनने के योग बन सकते हैं।

तुला राशि- तुला राशि के जातकों के लिए गुरु का यह गोचर लाभकारी साबित हो सकता है। इस दौरान आय बढ़ाने के नए अवसर मिल सकते हैं, जबकि कारोबार से जुड़े लोगों को नए संपर्कों से फायदा होने की संभावना है। अधूरे कार्यों में आपको सफलता प्राप्ति के योग हैं। सभी जगह आपके मान-सम्मान में वृद्धि हो सकती है। योजनाओं पर धैर्य के साथ काम करना आपके लिए लाभकारी रहेगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

रिपोर्ट- आईपीएल ऑक्शन 16 दिसंबर को हो सकता है

बीसीसीआई ने फ्रेंचाइजी से प्रतिनिधिमंडल की जानकारी मांगी, गोवा में होना है इवेंट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



आईपीएल 2026 का प्लेयर ऑक्शन 16 दिसंबर को हो सकता है। ऑक्शन गोवा के आईटीसी ग्रैंड गोवा होटल में हो सकता है। हालांकि बीसीसीआई ने अभी तक फ्रेंचाइजी मालिकों और उएड को तारीख और वेन्यू की पुष्टि वाला ऑफिशियल ईमेल नहीं भेजा है।

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार को बीसीसीआई की लॉजिस्टिक्स टीम ने वॉट्सऐप मैसेज के जरिए फ्रेंचाइजी को ऑक्शन की प्रस्तावित तारीख और जगह की जानकारी दी है। बोर्ड ने फ्रेंचाइजी से यह भी पूछा है कि ऑक्शन में शामिल होने के लिए उनके प्रतिनिधिमंडल में कितने लोग आएंगे। 15 दिसंबर को ऑक्शन से पहले ब्रीफिंग रखी गई है।

यह आईपीएल 2026 के ऑक्शन की तस्वीर है। हर टीम से ऑक्शन में आने वाले प्रतिनिधियों की जानकारी बीसीसीआई ने मांगी है, ताकि उनके ठहरने की व्यवस्था की जा सके। यह आईपीएल 2026 के ऑक्शन की तस्वीर है। हर टीम से ऑक्शन में आने वाले प्रतिनिधियों की जानकारी बीसीसीआई ने मांगी है, ताकि उनके ठहरने की व्यवस्था की जा सके।

यात्रा और ठहरने की व्यवस्था के लिए भेजा मैसेज- रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई का यह मैसेज मुख्य रूप से गोवा में यात्रा और ठहरने की व्यवस्था करने के लिए भेजा गया है। बोर्ड की ओर से आधिकारिक सूचना बाद में जारी की जा सकती है। ऑक्शन की तारीख में बदलाव होगा या नहीं, इस पर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है।

भारत-श्रीलंका वनडे भी

16 दिसंबर को भारत और श्रीलंका के बीच बेंगलुरु में वनडे मैच भी होना है। ऐसे में ऑक्शन और इंटरनेशनल मैच एक ही दिन होने की स्थिति में शेड्यूल में बदलाव होगा या नहीं, यह स्पष्ट नहीं है। इससे पहले रिपोर्ट्स में भारत-श्रीलंका वनडे सीरीज के पहले वनडे मैच का वेन्यू बदलने की संभावना जताई गई थी। यह मुकाबला 13 दिसंबर को नई दिल्ली में होना है। हालांकि, इउउकने हाल ही में मैच का वेन्यू बदलने की योजना से इनकार किया था।

मुंबई इंडियंस के हेड कोच महेला जयवर्धने ने इस्तीफा दिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

मुंबई इंडियंस के हेड कोच महेला जयवर्धने ने शनिवार, 17 अक्टूबर को पद छोड़ दिया। 49 साल के जयवर्धने का यह मुंबई इंडियंस के साथ दूसरा कार्यकाल था। वे 2025 सीजन से पहले दोबारा टीम के हेड कोच बने थे। जयवर्धने ने अपने पहले कार्यकाल में मुंबई इंडियंस को 2017, 2019 और 2020 में कछ खिताब जिताए थे। टीम 2025 में चौथे स्थान पर रही और क्वालिफायर-2 में हार गई थी। पिछले सीजन में टीम 9वें स्थान पर रही। जयवर्धने ने 2022 में मुंबई इंडियंस के ग्लोबल हेड ऑफ परफॉर्मेंस की जिम्मेदारी भी संभाली थी। जयवर्धने ने कहा कि मुंबई इंडियंस उनके क्रिकेट करियर का खास हिस्सा रही है। खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ, प्रशंसकों और पूरे टीम परिवार ने इस सफर को यादगार बनाया। जयवर्धने ने कहा कि टीम के साथ हासिल की गई उपलब्धियों पर उन्हें गर्व है।

खबर एक नजर...

चोरी नहीं हुई थी भूलवंश ले गया था बाइक

उज्जैन। टॉवर चौक से 5 मिनट में बाइक चोरी होने का सीसीटीवी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मामला पुलिस की संज्ञान में आया तो तत्काल माधवनगर थाना पुलिस ने पड़ताल शुरू की। इस दौरान सामने आया कि बड़नगर तहसील का रहने वाला यशवंतसिंह टॉवर चौक स्थित बसावड़ा पेट्रोल पंप के पास सिटी मेडिकल पर आया था। चोरी हुई बाइक उसकी है। पुलिस बाइक लेकर गये व्यक्ति का पता लगा पाती उससे पहले चैरिटेबल अस्पताल में कार्यरत डॉ. कैलाश राठौर निवासी ग्राम निपानिया बदर महिदपुर उक्त बाइक लेकर माधवनगर थाने पहुंच गया। उसने बताया कि वह भूलवंश जल्दबाजी में अपनी बाइक छोड़ दूसरी बाइक ले गया था। उसके द्वारा अपनी गलती स्वीकार की गई और उक्त बाइक पुलिस को सौंप दी। पुलिस ने बाइक संबंधित चालक को सौंप मामले का पटाक्षेप कर दिया।

खेत से निकलने की बात पर 2 पक्षों में विवाद

उज्जैन। माकडोन के ग्राम बगवाड़ा में राजेश पिता रामसिंह गुर्जर और ईश्वरसिंह पिता ऊंकारसिंह गुर्जर के बीच खेत से निकलने की बात पर विवाद हो गया। दोनों पक्षों की ओर से जमकर पत्थर-लट्ठ चले और जान से मारने की धमकी दी गई। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया। राजेश गुर्जर की ओर से उसके पिता घायल हुये है। दूसरी ओर से ईश्वरसिंह को चोंट आई है। खेत को लेकर एक विवाद घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम इस्तमुरार बिछडौद में कन्हैयालाल पिता रामनरायण पाटीदार और ईश्वर पिता रमेशचंद्र प्रजापति के बीच हुआ। दोनों खेत की मेढ़ पर लगे पत्थर हटाने की बात पर भिड़ गये थे। घट्टिया पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

बाइक चालक की टक्कर से हुई थी अधेड़ की मौत

उज्जैन। भाटपचलाना थाना क्षेत्र के ओरडी मगरा वेयर हाऊस के पास ग्राम खरसौदकला में 8 अक्टूबर को बाइक सवार अजीज पिता मोहम्मद हुसैन शाह 50 साल ग्राम खरसौदकलां की मौत हो गई थी। प्रारंभिक जांच में पता चला कि बाइक खंबे से टकराई थी जिसके चलते सिर में चोंट लगने पर मौत हुई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया था। घटनास्थल की तस्दीक और आसपास लगे कैमरे देखने पर पता चला कि मृतक की बाइक को पीछे से आये बाइक चालक ने टक्कर मारी थी। जिसके चलते उसका संतुलन बिगड़ा था और बाइक खंबे से टकराई थी। पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

लापता हुआ युवक घर में बेहोश पड़ा मिला युवक

उज्जैन। भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के केडी पैलेस पर रहने वाला प्रवीण पिता अंतरसिंह 19 साल शुक्रवार को घर से लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की थी और पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस युवक की तलाश शुरू करती उससे पहले शनिवार को घर लौट आया, लेकिन बेहोश हो गया। उसे परिजनों ने देखा तो उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां देर शाम तक उसे होश नहीं आया था। भैरवगढ़ पुलिस के अनुसार युवक के बयान दर्ज होने पर ही उसके साथ हुई घटना का पता चल पायेगा। फिलहाल परिजन भी कुछ बोल पाने की स्थिति में नहीं है।

बाइक सवार मां-बेटे पर मधुमक्खियों ने किया हमला



उज्जैन। पानबिहार के सुतारखेड़ा में रहने वाला राकेश पिता लक्ष्मण 18 साल बाइक पर मां सुगनबाई 40 साल के साथ बाजार से घर लौट रहा था। ग्राम बांदका से गुजरते समय अचानक आये मधुमक्खियों के एक झुंड ने दोनों पर हमला कर दिया। दोनों बुरी तरह से घायल हो गये। उन्होने लोगों की मदद से उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। दोनों को भर्ती किया गया है, लेकिन मां सुगनबाई की हालत गंभीर बनी हुई थी। डॉक्टरों का कहना था कि मधुमक्खियों के हमले में महिला काफी घबरा गई है। जिसके चलते उसकी हार्टबीट बढ़ी है। वैसे कुछ घंटो में हालत समान्य हो जायेगी।

घर पर पथराव कर जान से मारने की दी धमकी

उज्जैन। नीमनवासा आंगनवाड़ी के पास रहने वाले संजु पिता सुंदरलाल मालवीय 32 साल के घर रात 11.30 बजे कुछ युवक पहुंचे और गाली-गलौच करते हुये पथराव शुरू कर दिया। घर पर हुये पथराव के चलते मालवीय परिवार बाहर नहीं आ सका। इस दौरान पथराव करने वाले जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। मामले में पंवासा थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। युवक क्षेत्र के रहने वाले बताये जा रहे है और पुराने विवाद में पथराव होना सामने आया है।

महाकाल लोक के बाहर बार बार जाम, जनता परेशान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बेरोकटोक ई-रिक्शा घुस रहे

महाकाल लोक में पर्यटकों की संख्या बढ़ने से शहर में मनीफ्लो तो हुआ और रेस्टोरेंट, होम स्टे, लॉज, होटल, ई-रिक्शा, आटो रिक्शावालों का व्यवसाय चमक उठा किन्तु स्थानीय रहवासियों को भारी परेशानियों से जूझना भी पड़ रहा है।

नवरात्रि पांडाल व कार्यक्रम फिर भी एंट्री- सबसे अधिक पर्यटकों का हुजूम महाकाल लोक वाले गेट पर होता है। शाम छः से साढ़े आठ तक गेट पर पर्यटकों का सर्वाधिक दबाव होता है। हरिफाटक ब्रिज से महाकाल लोक पहुंच मार्ग के थोड़ा पहले ही नवरात्रि उत्सव का पांडाल लगा हुआ है। ऐसा ही एक पांडाल जयसिंहपुरा जानेवाले मार्ग पर लगा है। दोनों पांडाल में शाम से कार्यक्रम व स्थापित माता की मूर्ति की आरती होती है इस दौरान यातायात पूरी तरह ध्वस्त नजर आता है। दोपहिया व चौपहिया वाहन संकरे हो चुके रास्ते मे देर, तक फंसे रहते हैं। कल भी रात आठ से नौ बजे तक महाकाल लोक के सामने ढेरों वाहन फंसे रहे।

यातायात पुलिसकर्मी नदारद- महाकाल लोक जैसे अत्यधिक महत्वपूर्ण स्थल पर जाम लगने की स्थिति मे व्यवस्था संभालते कोई भी पुलिसकर्मी नजर नहीं आ रहा था। लोग जैसे तैसे रास्ता तलाशते गंतव्य की ओर रवाना होते रहे। इसी मार्ग से हरसिद्धि दर्शन जानेवाले स्थानीय श्रद्धालु जाम मे फंसे रहे और भारी असुविधा के शिकार होते रहे।



महाकाल लोक के गेट पर ई रिक्शों की कतार- महाकाल लोक पर बाहर से आए पर्यटकों का भारी दबाव होता है। सवारी बैठाने की होड के चलते ई-रिक्शा वाले महाकाल लोक के गेट पर खड़े रहते हैं। एक के पीछे एक खडे रिक्शे पूरी रोड को जाम कर देते हैं। आश्चर्य का विषय है कि इन्हे पुलिस का खौफ नहीं और पीटीएस के ट्रेनी जवानों की सिटी बजाने से इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ रहा।

यातायात संचालन की दूरगामी नीति का अभाव

निरंतर जाम की स्थिति से प्रतिदिन दो चार होते स्थानीय निवासी पूरी तरह निराश हो चुके हैं। यातायात नामक महकमा तो बस नाम का एक विभाग सिद्ध हो रहा है इस विभाग के कर्मचारी कभी भी मुस्तैदी व सख्ती से ड्यूटी करते नजर ही नहीं आते। ऐसा लगता है कि बस महकमे की सार्थकता मात्र मुख्यमंत्री आगमन के दौरान बैरिकेड्स लगाकर यातायात संचालन तक सीमित रह गई है और आमजनता की तकलीफ से इनका कोई सरोकार नहीं है। वर्तमान मे तो यातायात प्रबंधन कीएक दूरगामी नीति का सर्वथा अभाव ही नजर आ रहा है।

खाचरौद सब्जी मंडी में हादसा, चालक की तलाश जारी

महिला पर चढ़ी मवेशियों से भरी पिकअप, 3 घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खाचरौद में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। मवेशियों से भरी पिकअप एक महिला पर चढ़ गई। महिला ने मौके पर दम तोड़ दिया। पिकअप की चपेट में 3 अन्य भी आ गये थे, जो घायल हुये है। घटनाक्रम के बाद चालक पिकअप छोड़कर भाग निकला था।

खाचरौद थाना पुलिस ने बताया कि सुबह 7.30 बजे के लगभग लालबाई-फूलबाई सब्जी मंडी में मवेशियों से भरी पिकअप तेजगति से दौड़ती हुई एक महिला पर चढ़ गई। महिला की मौके पर मौत हो गई। चालक ने भागने का प्रयास किया तो 3 अन्य को भी टक्कर मारकर घायल कर दिया। चालक यहीं नहीं रूका उसने एक आटो बाइक को भी टक्कर मारी। चालक नियंत्रण खो चुका था, पिकअप बिजली के खंबे से टकराने के बाद रूक गई। लोग आक्रोशित हो गये, इस बीच चालक मौके से भाग निकला।



घटनाक्रम की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक महिला का नाम रेखाबाई पति नंदराम भील निवासी भैरूपाड़ा बदनावर सामने आया। घायलों में बदनावर की रहने वाली सागरबाई, भैरूलाल और लूणाजी घायल थे। सभी को अस्पताल पहुंचाया गया और पिकअप को जप्त किया गया। नम्बर के आधार पर चालक की तलाश की जा रही है। आटो और बाइक चालक को मामूली चोंट आई थी लेकिन उनके वाहन क्षतिग्रस्त हुये है।

बदनावर से सब्जी खरीदने आये थे 8 लोग- मृतक महिला रेखाबाई के पति ने बताया कि वह बदनावर में सब्जी बेचने का काम करते है। प्रतिदिन खाचरौद सब्जी मंडी 7 से 8 लोग पिकअप लेकर आते है और खरीददारी के बाद वापस लौटते है। रेखाबाई पर चढ़ी पिकअप ने पहले एक अन्य पिकअप को टक्कर मारी थी। जिसके बाद चालक ने रफ्तार से भागने का प्रयास किया और लोगों को कुचल दिया।

पिकअप में भरे एक केड़े की मौत

पुलिस ने बताया कि पिकअप में 4-5 मवेशी भरे थे। घटनाक्रम के दौरान पिकअप में भरे एक केड़े की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने पिकअप जप्त कर चार केड़ों को गौशाला पहुंचाया और मृतक केड़े का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसका शव दफना दिया। आशंका जताई जा रही है कि मवेशियों को वध के लिये पिकअप में भरकर ले जाया जा रहा था।

महिला यात्री की बाली चोरी करने वाले संदेही से पूछताछ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गुरूवार को इंदौर जाने के लिये रेलवे स्टेशन पहुंची वृद्धा के कान से सोने की बाली चोरी हो गई थी। मामले में जीआरपी ने शिकयत दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले थे। संदेह के आधार पर राजस्थान के युवक को हिरासत में लिया गया है। जिससे पूछताछ की जा रही है।

नयापुरा में रहने वाली सीता पति रामचंद्र 65 साल अपनी पुत्री अनिता के साथ इंदौर जाने के लिये रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 1 पर पहुंची थी। भीड़ के बीच अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस में चढ़ते समय उनके कान से सोने की बाली चोरी हो गई थी। जीआरपी ने वृद्धा की पुत्री द्वारा की गई शिकायत पर जांच शुरू की थी और आरपीएफ टीम के साथ मिलकर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये थे। जिसके आधार पर राजस्थान के युवक को हिरासत में लिया गया है। उस पर महिला यात्री की बाली चोरी करने का संदेह बना हुआ है। फिलहाल पूछताछ की जा रही है। उसके बाद ही स्पष्ट हो कि युवक द्वारा वारदात को अंजाम दिया गया है या नहीं। विदित हो कि पूर्व में भी रेलवे स्टेशन पर महिलाओं के कंगन, चेन चोरी करने वाली गैंग का जीआरपी-आरपीएफ की टीम ने गिरफ्तार किया था, जिनके पास से आभूषण काटने के उपकरण भी बरामद किये गये थे।

इनाम में बाइक खुलने का झांसा देकर की धोखाधड़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इनाम में बाइक खुलने का झांसा देकर युवक से 65 हजार का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करा लिया गया। बाइक नहीं मिली तो युवक ने मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि गंगानगर में रहने वाले राजेश पिता प्रकाश बाड़ोलिया के साथ इनाम में बाइक खुलने का झांसा देकर अज्ञात बदमाश द्वारा 65 हजार से अधिक की धोखाधड़ी करने का प्रकरण दर्ज किया है। राजेश का कहना था कि उसने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर सांवरिया सेठ उपहार योजना का इस्तिहार देखा था। उसने योजना में शामिल होने के लिये दिये गये नम्बर पर कॉल किया। उसे बताया कि योजना में शामिल होना है तो पहले कूपन खरीदना होगा। जिसकी फीस 200 रुपए है। राजेश ने भगवान के नाम पर योजना होने पर कूपन खरीद लिया। जिसका ट्रांजेक्शन इस्तिहार में दिये बार कोड पर किया। कूपन खरीदने के बाद दूसरे दिन मोबाइल पर कॉल आया और बताया कि इनाम में बाइक खुली है। बाइक प्राप्त करने के लिये गौशाला में 10 हजार का देना होगा। इस्तिहार में दिये बारकोड पर दान राशि ट्रांसफर कर दी। उसके बाद बाइक के दस्तावेज केनाम पर 2 बार में 26 हजार 500 का ट्रांजेक्शन करा लिया गया। उसके बाद घर तक बाइक भेजने के नाम पर डिलीवरी का चार्ज 21 हजार मांगा गया और बताया कि बाइक घर पहुंचने पर वापस हो जायेगा। कुछ देर बाद बाइक का जी.पी.एस. हैक होने के नाम पर 8 हजार रुपये मांगे गये और उसे भी वापस लौटाने की बात कहीं गई, लेकिन बाइक घर नहीं पहुंची। करीब 65 हजार से अधिक की उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। पुलिस के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज कर ट्रांजेक्शन हुई राशि के खाताधारक का पता बैंक के माध्यम से लगाया जा रहा है। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

पांच माह बाद पकड़ाया 20 हजार का इनामी आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में मादक पदार्थ बेचने वालों को ड्रग्स उपलब्ध कराने वाला 20 हजार का इनामी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया। उसकी पांच माह से तलाश थी और कई बार उसके ठिकानों पर झालावाड़ में दबिश दी जा चुकी थी। फिलहाल पुलिस उससे रिमांड पर पूछताछ कर रही है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने पांच माह पहले ड्रग्स बनाने का 75 किलो ब्रोमोपोल केमिकल बरामद किया था और 3 युवकों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उन्होने राजस्थान के झालावाड़ स्थित डग में रहने वाले शेख अमजद पिता अब्दुल रज्जाक का नाम बताया था। पुलिस उसकी तलाश में लगी थी। कुछ दिन बाद बुंदेला गैंग के बदमाश धर्मेन्द्र उर्फ धम्मू बुंदेला को ड्रग्स के साथ पकड़ा गया था। उसने भी शेख अमजद का नाम बताया था। शहर में ड्रग्स सप्लाय में एक ही आरोपी का नाम 2 बार सामने आने पर पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार का इनाम घोषित कर दिया था। गुरूवार रात सूचना मिलने पर पुलिस झालावाड़ पहुंची थी, जहां से आरोपी गिरफ्त में आ गया। जिसे



शुक्रवार को उज्जैन लाया गया और न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया। एसआई लक्ष्मण उईके ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पूर्व में बरामद किये गये ड्रग्स बनाने के ब्रोमोपल केमिकल मामले में उसके अन्य साथियों की तलाश है। पूछताछ में जानकारी मिलते ही उनकी भी गिरफ्तारी की जायेगी। इनामी आरोपी की गिरफ्तारी में एसआई सुरेन्द्रसिंह मंडलोई, आरक्षक आनंद मिश्रा, रवि पटेल, अभिषेक राठौर, मोनेन्द्र प्रताप सिंह, सुनील चौधरी और जगदीश का सहयोग रहा।

पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नवरात्री पर्व की अष्टमी और नवमी के साथ आगामी दिनों में दशहरा पर्व पर कानून व्यवस्था के साथ शांतिपूर्ण वातावरण को बनाये रखने के लिये शनिवार शाम पुलिस ने फ्लैग मार्च किया।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि धार्मिक नगरी में सभी त्यौहारों और पर्वो को कानून व्यवस्था के अनुरूप शांति और सौहार्द्र के साथ मनाया जा सके इसके प्रयास पुलिस द्वारा लगातार किये जाते है। आगामी दिनों में नवरात्री की महाअष्टमी के साथ दशहरा पर्व मनाया जाना है। जिसको लेकर एएसपी आलोक शर्मा, गुरु प्रसाद पराशर के निर्देशन में सीएपी संजू चौहान, पुष्पा प्रजापति और श्वेता गुप्ता के नेतृत्व में जिला पुलिस बल एवं आरएएफ के जवानों द्वारा प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। फ्लैग मार्च के माध्यम से आमजन को आगामी त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने का संदेश दिया गया। पुलिस शांति, सुरक्षा औरं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिये सतर्क और प्रतिबद्ध है।

पिस्टल तान गोली मारने की दी धमकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कारों में टक्कर होने के बाद शुरू हुई कहासुनी में एक युवक ने पिस्टल तानकर गोली मारने की धमकी दी और भाग निकला। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया है।

माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि मंयक पिता नयन सोनी निवासी राजस्व कालोनी ने शनिवार को थाने आकर शिकायत दर्ज कराई कि 15 अक्टूबर की रात वह अपनी कार क्रमांक एमपी-13-जीए-0007 में सवार होकर दशहरा मैदान से जा रहा था। उसी दौरान कार क्रमांक एमपी-09-एसएल-1111 के चालक भरत सिंह हाड़ा ने तेज गति और लापरवाही चलाते हुये उनकी कार को टक्कर मार दी। मेरी कार में भाई भी बैठा था। दोनों ने टक्कर मारने वाले कार चालक से गाड़ी देखकर चलाने के लिये कहा तो उसके द्वारा कार से बाहर आते ही पिस्टल तान दी गई और गोली चलाने की धमकी देने लगा। यह देख भाई काफी घबरा गया, भरतसिंह ने धमकी दी कि ज्यादा बोले तो जान से मार देगा। घटना के बाद भाई प्रद्युम की की तबीयत खराब हो गई थी। जिसके चलते वह रात में शिकायत दर्ज कराने नहीं आया। पुलिस के अनुसार मामले में मंयक की शिकायत पर धमकी देने वाले के खिलाफ धारा 281, 351 (3) का प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस की शक्ति टीम ने युवतियों को पहुंचाया घर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नवरात्रि गरबा पंडालों में युवतियों और महिलाओं की सुरक्षा के लिये महिला पुलिस की शक्ति टीम बनाई गई है। शक्ति टीम सुरक्षा के साथ मानवीयता के लिये भी मुस्तैद दिखाई दे रही है।

एसपी प्रदीप शर्मा के मार्गदशन में नवरात्री की शुरूआत होने के साथ महिला और युवतियों की सुरक्षा में 150 से अधिक महिला पुलिस कर्मियों की टीम शक्ति का गठन किया था। टीम रात 8 बजे से 2 बजे गराबा पांडालों के साथ मार्गो पर तैनात दिखाई दे रही है। इसी दौरान चिंतामण थाना क्षेत्र में देर रात गरबा आयोजन के बाद 5 युवतियों को घर लौटने के लिये परिवहन के साधन नहीं मिलने पर शक्ति टीम द्वारा तत्परता दिखाई गई और पांचों युवतियों को एफआरपी की मदद से सुरक्षित उनके घरों पहुंचाया। माधव नगर थाना क्षेत्र में भी गरबा समाप्त होने के बाद नेहा नामदेव नाम की युवती घर जाने का साधन नहीं मिलने पर परेशान हो गई थी। शक्ति मोबाइल टीम ने उसे सुरक्षित अशोकनगर स्थित उसके निवास तक पहुंचाया। विदित हो कि इससे पहले शुक्रवार रात शक्ति टीम पुलिस की वर्दी छोड़ पारंपरिक परिधानों में गरबा पांडालों तक पहुंची थी, जहां सुरक्षा की दृष्टि से चैकिंग अभियान चलाया गया था। यहीं नहीं शुरूआती दिनों में तीन युवतियों ने कुछ युवकों द्वारा उनका पीछा किये जाने पर शक्ति टीम से मदद मांगी थी। पुलिस ने शक्ति टीम का हेल्पाइन भी सभी गराबा पांडालों में जारी किया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com